रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 445] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 12, 2003/भाद्र 21, 1925
No. 445] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 12, 2003/BHADRA 21, 1925

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 सितम्बर, 2003

सा.का.नि. 738(अ).— केन्द्रीय सरकार, साधारण खंड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) की धारा 22 के साथ पठित पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 53) की धारा 96 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

अध्याय -1
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :--**
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण नियम, 2003 है ;
   (2) ये उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसको अधिनियम प्रवृत्त होगा ।

2. **परिभाषाएं :--** इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-
   (क) "अधिनियम" से पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 53) अभिप्रेत है ;
   (ख) "प्राधिकरण" से धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन स्थापित पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण अभिप्रेत है ;
   (ग) "अध्यक्ष" से धारा 3 की उपधारा (5) के खंड (क) के अधीन नियुक्त प्राधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;
   (घ) "फीस" से दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस अभिप्रेत है ;

(ङ) "प्ररूप" से पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररूप अभिप्रेत है ;

(च) "राजपत्र" से भारत सरकार का राजपत्र अभिप्रेत है ;

(छ) "जरनल" से प्राधिकरण का मासिक जरनल अभिप्रेत है ;

(ज) "अशासकीय सदस्य" से किसी पदेन सदस्य से भिन्न प्राधिकरण का कोई सदस्य अभिप्रेत है ;

(झ) "सूचना" से अधिनियम के अधीन अधिकरण या रजिस्ट्रार या प्राधिकरण द्वारा जारी की गई "सूचना" अभिप्रेत है ;

(ञ) "रजिस्ट्रार" से धारा 12 की उपधारा (4) के अधीन नियुक्त पौधा किस्म रजिस्ट्रार अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत उस धारा की उपधारा (3) के अधीन नियुक्त पौधा किस्म महारजिस्ट्रार भी है ;

(ट) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ठ) "धारा" से इस अधिनियम की कोई धारा अभिप्रेत है ;

(ड) "अभ्यावेदन" से इस अधिनियम के अधीन किसी कार्यवाही में प्राधिकरण अथवा रजिस्ट्रार को संबोधित कोई लिखित संसूचना अभिप्रेत है ;

(ढ) उन अन्य सभी शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और इन नियमों में परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ।

3. **दी जाने वाली विशिष्टियों का ब्यौरा**

आवेदन या अभ्यावेदन करते समय :-

(1) अधिनियम के अधीन प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूपों के मामले के सिवाय, इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन कोई आवेदन या अभ्यावेदन करने वाला प्रत्येक व्यक्ति पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररूपों में विशिष्टियां देगा ।

(2) यदि कोई आवेदन या अभ्यावेदन पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट सुसंगत प्ररूपों में यथाविनिर्दिष्ट सभी विशिष्टियां दिए बिना फाइल किया गया है तो, यथास्थिति,

प्राधिकरण या रजिस्ट्रार आवेदक या उस व्यक्ति को, जिसने आवेदन या अभ्यावेदन फाइल किया है, ऐसी विशिष्टि फाइल करने के लिए एक मास की सूचना देगा ।

(3) वह आवेदक या व्यक्ति, जिसने, यथास्थिति, आवेदन या अभ्यावेदन फाइल किया है, यथास्थिति, आवेदन या अभ्यावेदन को उपनियम (2) की सूचना के निबंधनानुसार यथाअनुज्ञात एक मास की अवधि के भीतर ठीक करने में व्यतिक्रम करता है या असफल रहता है तो ऐसा आवेदन या अभ्यावेदन आगे और कोई सूचना दिए बिना नामंजूरी के लिए दायी होगा ।

(4) जहां किसी प्रयोजन के लिए कोई प्ररूप इस प्रकार विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है, वहां आवेदक पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट यथाशक्य निकटतम प्ररूप ऐसे उपांतरणों और परिवर्तनों, जो आवश्यक समझे जाएं, के साथ अपना सकेगा ।

4. **प्राधिकरण का कार्यालय :-**

(1) अधिनियम के अधीन सभी कार्यवाहियों के लिए, प्राधिकरण का, कार्यालय, यथास्थिति, नई दिल्ली स्थित प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय या शाखा कार्यालय होगा, जिसकी प्रादेशिक सीमाओं के भीतर-

(क) पौधा किस्म या कृषक अधिकार के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक के कारबार का मुख्य स्थान या अधिवास है ; या

(ख) यदि आवेदन दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम में संयुक्त रूप में किया जाता है, तो पौधा किस्म या कृषक अधिकार के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक जिसका नाम आवेदन में पहले उल्लिखित है, निवास करता है या उसके कारबार का मुख्य स्थान है या अधिवास है ; या

(ग) रजिस्ट्रीकृत संवर्धक के अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी का कारबार प्रधान स्थान है या उसका अधिवास है ।

(2) उपनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, जब तक शाखा कार्यालय स्थापित नहीं किए जाते हैं, तब तक अधिनियम के अधीन सभी कार्यवाहियों के लिए समुचित कार्यालय नई दिल्ली स्थित प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय होगा ।

5. सूचना, आदि की तामील के लिए पता

(1) आवेदक सहित ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जो ऐसी किसी कार्यवाही से संबद्ध है जिसे यह अधिनियम या ये नियम लागू होते हैं, प्राधिकरण या रजिस्ट्रार को भारत में तामील के लिए पूरा पता भेजेगा और वह पता ऐसी कार्यवाहियों या अनुदत्त अधिकारों से संबंधित सभी प्रयोजनों के लिए, कार्यवाहियों में व्यक्ति या व्यक्तियों के पते के रूप में माना जाएगा ।

(2) जब तक ऐसा पता नहीं दिया जाता है तब तक प्राधिकरण या रजिस्ट्रार या तो कार्यवाही करने के लिए अग्रसर होने या किसी कार्यवाही को करने या कोई सूचना भेजने के लिए, जो अधिनियम या इन नियमों के अधीन दी जानी अपेक्षित हो, बाध्य नहीं होगा ।

6. आवेदन, अभ्यावेदन और सूचनाओं के जारी किए जाने के संबंध में प्रक्रिया.

(1) प्रत्येक आवेदन या अभ्यावेदन उस आवेदक या व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में हस्ताक्षर करके भेजेगा जिसने अभ्यावेदन किया है और रजिस्ट्रार या प्राधिकरण को, उसके कार्यालय में पहुंचाया जाएगा ।

(2) आवेदकों और अन्य व्यक्तियों के नाम तथा पते पूर्ण रूप से उनकी राष्ट्रीयता और ऐसी अन्य विशिष्टियों के साथ दिए जाएंगे जो उनकी पहचान के लिए और उन्हें संसूचनाएं भेजने के लिए आवश्यक हों ।

(3) (क) अधिनियम या नियमों के अधीन फाइल किए गए या फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित सभी आवेदन, अभ्यावेदन और दस्तावेज तीन प्रतियों में फाइल किए जाएंगे :

परन्तु ऐसे मामलों में, जहां रजिस्ट्रार या प्राधिकरण ऐसे आवेदनों, अभ्यावेदनों या दस्तावेजों की तीन प्रतियों से अधिक प्रतियों की अपेक्षा करते हैं वहां ऐसा आवेदक या व्यक्ति, जिसने आवेदन या अभ्यावेदन फाइल किया है

उतनी प्रतियों का उपलब्ध कराएगा जितनी प्राधिकरण या रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं ।

(ख) तीन मास की अवधि के भीतर अपेक्षित संख्या में प्रतियों को भेजने में असफल रहने की दशा में रजिस्ट्रार या प्राधिकरण आवेदन या अभ्यावेदन को खारिज कर सकेगा, आवेदन या अभ्यावेदन को वापस लिया गया मान सकेगा ।

(4) प्राधिकरण या रजिस्ट्रार के कार्यालय में भेजे जाने के लिए या फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित कोई आवेदन, अभ्यावेदन या दस्तावेज दस्ती तौर पर या रसीद सहित रजिस्ट्रीकृत पत्र द्वारा या इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा प्राधिकरण या रजिस्ट्रार को उनके कार्यालय में सम्बोधन करके भेजा जा सकेगा।

(5) यदि कोई आवेदन या अभ्यावेदन या दस्तावेज प्राधिकरण या रजिस्ट्रार को दस्ती तौर पर भेजा जाता है तो प्राधिकरण या रजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा उनकी मोहर के साथ एक पावती रसीद जारी की जाएगी ।

(6) रसीदी सहित रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा भेजे जाने की दशा में यह उपधारणा की जाएगी कि वह उसी समय फाइल किया गया है या उस समय किया गया है जब उसे सम्बद्ध कार्यालय द्वारा प्राप्त किया गया है ।

(7) किसी आवेदक या इस अधिनियम के अधीन किसी अधिकार के धारक को सम्बोधित कोई लिखित संसूचना इस अधिनियम के अधीन रखा गया पौधा किस्म के रजिस्टर में उसके पते पर या अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही में नियम 5 के अधीन तामील के लिए दिए गए पते पर या आवेदन या विरोध की सूचना या उत्तर या प्रतिउत्तर या किसी ऐसे अभ्यावेदन में दिए गए पते पर उचित रूप से भेजी गई उपधारित की जाएगी :

परंतु उन मामलों में जहाँ अभ्यावेदन या आवेदन की प्राप्ति में वितरण या पारेषण की सामान्य अवधि से अधिक विलंब हुआ है वहाँ ऐसे विलंब को माफ किया जा सकेगा ।

(8) इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही में किसी आवेदक या अधिकार के किसी धारक को सम्बोधित सभी सूचनाएं और लिखित संसूचनाएं और आवेदक या अधिकार के धारक या किसी विरोधकर्ता को भेजे गए सभी दस्तावेज सिवाय तब के जब

वे विशेष संकेत द्वारा भेजे जाते हैं, रजिस्ट्रीकृत डाक पावती द्वारा या इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा भेजे जाएंगे ।

(9) (क) सम्बद्ध कार्यालय द्वारा जारी पावता रसीदी या डाक प्रमाणपत्र रसीद अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी दस्तावेज के संवितरण या भेजे जाने का पर्याप्त सबूत होगा ।

(ख) इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा पारेषण के मामले में आवेदक ऐसे आवेदक या व्यक्ति द्वारा जिसने अभ्यावेदन किया है, मान्यताप्राप्त अंकीय चिन्हांकन सहित इलेक्ट्रानिक रसीद का सबूत होगा ।

7. कतिपय मामलों में आवेदन का स्वीकार न किया जाना -

उसी व्यक्ति द्वारा किए गए पूर्ववर्ती आवेदन में, आवेदन के अंतर्गत पहले से ही अन्तर्विष्ट विषय वस्तु को अन्तर्विष्ट करने वाला कोई आवेदन या अभ्यावेदन प्राधिकरण या रजिस्ट्रार को ही किया जाएगा और ऐसा पश्चात्वर्ती आवेदन, यथास्थिति, रजिस्ट्रार या प्राधिकरण द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

8. फीस -

(1) पौधा किस्मों के रजिस्ट्रीकरण और इस अधिनियम के अधीन किसी अधिकार के अनुदान या कोई आवेदन या किसी आवेदन या विरोध की सूचना या अधिनियम के अधीन फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित उत्तर या प्रतिउत्तर और अन्य मामलों की बाबत संदेय फीस की रकम दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार होगी ।

(2) (क) संदेय फीस या तो नकद रूप में संदत्त की जा सकेगी या यथास्थिति प्राधिकरण या रजिस्ट्रार या उनके संबंधित कार्यालयों को संदेय मनी आर्डर या पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट या चैक द्वारा, जो कार्यालय के स्थान पर किसी अनुसूचित बैंक पर आहरित हो, भेजी जा सकेगी ।

स्पष्टीकरणः इन नियमों के प्रयोजनों के लिए "अनुसूचित बैंक" से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की दूसरी अनुसूची में सम्मिलित कोई बैंक अभिप्रेत है ।

(ख) कोई चैक या ड्राफ्ट (इसके अन्तर्गत नकद रूप में फीस नहीं है) जिस पर उसमें विनिर्दिष्ट मूल्य फीसों के संदाय के लिए अनुज्ञात समय सीमा के भीतर नकद संग्रहण नहीं किया जा सकता, रजिस्ट्रार के विवेक पर स्वीकार किया जाएगा ।

(ग) इन नियमों के अधीन संदेय किसी फीस के संदाय में स्टाम्प नहीं लिए जाएंगे ।

(घ) जहाँ किसी दस्तावेज या आवेदन या अभ्यावेदन के फाइल किए जाने की बाबत कोई फीस संदेय है वहाँ वह तारीख जिसको सम्पूर्ण फीस का संदाय किया जाता है, दस्तावेज या अभ्यावेदन फाइल किए जाने की तारीख होगी ।

(3) जहाँ इन नियमों में से किसी के अधीन कोई परीक्षण किया जाना अपेक्षित है वहाँ आवेदक या सम्बद्ध व्यक्ति **दूसरी अनुसूची** में विनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस का संदाय करेगा ।

(4) फीस का संदाय न करने के कारण कोई आवेदन या अभ्यावेदन या दस्तावेज अस्वीकार कर दिए जाने के लिए दायी होगा और तब तक कोई परीक्षण नहीं किया जाएगा जब तक हितबद्ध पक्षकार दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस की अपेक्षित रकम जमा नहीं करा देते हैं ।

9. दस्तावेजों का आकार आदि -

प्राधिकरण के कार्यालय को या रजिस्ट्रार को अन्यथा भेजे गए या सौंपे गए सभी दस्तावेज और दस्तावेजों की प्रतियां, शपथ पत्र और रेखाचित्रों को छोड़कर, बड़े और साफ अक्षरों में गहरी, अमिट स्याही से लिखित, टंकित, लिथोग्राफ किए गए या मुद्रित रूप में (या तो हिंदी या अंग्रेजी भाषा में जब तक प्राधिकरण या महा रजिस्ट्रार द्वारा अन्यथा रूप में निदेशित या अनुज्ञात न किया गया हो) होंगे और ये लगभग 33.00 सेंटीमीटर गुणा 20.50 सेंटीमीं (13 इंच गुणा 8 इंच) या 29.7 सेंटीमीटर गुणा 21 सेंटीमीटर (11 3/4 इंच गुणा 8 1/4 इंच) आकार के मजबूत सफेद मोटी लाइनों वाले कागज के केवल एक ओर होंगे और उसके बाईं ओर के भाग पर कम से कम 4 सेंटीमीटर (डेढ़ इंच) का मार्जिन होगा ।

10. शपथ पत्रः-

इन नियमों के अधीन फाइल किए जाने के लिए अपेक्षित शपथ पत्रों के नीचे तारीख और हस्ताक्षर होंगे और यह विवरण होगा कि उसमें दिए गए तथ्य और विषय शपथ पत्र देने वाले व्यक्ति के सर्वोत्तम ज्ञान, जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है ।

अध्याय 2

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण

11. अध्यक्ष के चयन और नियुक्ति की रीतिः-

(1) अध्यक्ष की नियुक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित से मिलकर बनने वाली चयन समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पेनल के आधार पर की जाएगी, अर्थात् :-

(क) सचिव, कृषि और सहकारिता विभाग, भारत सरकार - अध्यक्ष

(ख) सचिव, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, भारत सरकार - सदस्य

(ग) कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक विशेषज्ञ - सदस्य

(2) केन्द्रीय सरकार का कृषि और सहकारिता विभाग अध्यक्ष के चयन और नियुक्ति के लिए केन्द्रक विभाग के रूप में कार्य करेगा ।

(3) अध्यक्ष, भारत सरकार के सचिव की रैंक का होगा और अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति या तो प्रतिनियुक्ति पर होगी या संविदा आधार पर होगी ।

(4) यदि उपनियम (1) के अधीन गठित चयन समिति किसी ऐसे व्यक्ति की सिफारिश करती है जो सरकारी सेवक नहीं है किन्तु धारा 3 की उपधारा (5) के खंड (क) में दी गयी अर्हताएं पूरी करता है तो ऐसी नियुक्ति संविदा आधार पर की जा सकती है ।

12. अध्यक्ष की पदावधि -

अध्यक्ष पांच वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु तक इनमें जो भी पूर्वतर हो, पद धारण करेगा और वह अपनी नियुक्ति के लिए पात्र होगाः

परंतु कोई अध्यक्ष कुल दस वर्ष से अनधिक अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु पूरी करने तक इनमें जो भी पूर्वतर हो, पद धारण करेगा ।

13. अध्यक्ष के वेतन, भत्ते, सेवा शर्तें, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधिः-

अध्यक्ष ऐसे वेतन, भत्तों, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधि और अन्य परिलब्धियों का हकदार होगा जो भारत सरकार के सचिव को अनुज्ञेय हैं ।

14. कतिपय दशाओं में अध्यक्ष का पद से त्यागपत्र या हटाया जानाः-

IndiaCode

(1)अध्यक्ष, केन्द्रीय सरकार को लिखित रूप में सूचना देकर अपना पद त्याग सकेगा ।

(2)केन्द्रीय सरकार अध्यक्ष को तब पद से हटा सकेगी जब वह-

(क) दिवालिए के रूप में न्यायनिर्णीत किया गया है या किसी समय रहा है ;

(ख) ऐसे अपराध के लिए सिद्धदोष किया गया है जिसमें केन्द्रीय सरकार की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है ;

(ग) शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से अध्यक्ष के रूप में कार्य करने में असमर्थ हो गया है ;

(घ) अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने में असफल रहा है ;

(ङ) ऐसे वित्तीय और अन्य हित अर्जित किए हैं जो उसके अध्यक्ष के रूप में कार्य करने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की संभावना है ;

(च) केन्द्रीय सरकार की राय में अपने पद का इस प्रकार दुरुपयोग किया है कि उसका पद पर बने रहना लोकहित के प्रतिकूल है;

(छ) ऐसा कोई अन्य सारवान आधार जो भारत सरकार के अधीन लोकहित सेवक के लिए अशोभनीय है।

परंतु अध्यक्ष इस उपनियम के अधीन तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि उसे इस मामले में सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो ।

15. अशासकीय सदस्यों की पदावधि और भत्ते:

(1) प्राधिकरण का प्रत्येक अशासकीय सदस्य अपनी नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा ।

(2) केन्द्रीय सरकार अशासकीय सदस्य की पदावधि की समाप्ति के छह मास के भीतर प्राधिकरण के नए अशासकीय सदस्य की नियुक्ति करेगा ।

(3) अशासकीय सदस्य बैठक भत्ते और यात्रा व्यय के लिए ऐसी दर पर हकदार होगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर नियत की जाए ।

16. प्राधिकरण की कार्यवाही:-

(1) प्राधिकरण वर्ष में कम से कम दो बार मुख्यालय पर या ऐसे स्थान पर, जो अध्यक्ष द्वारा विनिश्चित किया जाए, अधिवेशन करेगा ।

(2) अध्यक्ष प्राधिकरण के पांच से अन्यून सदस्यों के लिखित अनुरोध पर या केन्द्रीय सरकार के निदेश पर प्राधिकरण का विशेष अधिवेशन बुलाएगा ।

(3) सदस्यों को, प्रयोजन, समय और स्थान, जहाँ ऐसा अधिवेशन होना है, विनिर्दिष्ट करते हुए साधारण अधिवेशन के लिए कम से कम पन्द्रह दिन की सूचना और विशेष अधिवेशन के लिए तीन दिन की सूचना दी जाएगी ।

(4) प्रत्येक अधिवेशन की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की जाएगी और उसकी अनुपस्थिति में ऐसे पीठासीन अधिकारी द्वारा की जाएगी जो उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने में से चुना जाएगा ।

(5) प्राधिकरण का विनिश्चय उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जाएगा और मत बराबर होने की दशा में, अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाले सदस्य का द्वितीय या निर्णायक मत होगा ।

(6) प्रत्येक सदस्य का एक मत होगा ।

(7) प्राधिकरण के अधिवेशन के लिए गणपूर्ति पांच होगी ।

(8) कोई सदस्य अधिवेशन में विचार के लिए किसी ऐसे विषय को प्रस्तुत करने हकदार नहीं होगा, जिसकी उसने सदस्य, सचिव को दस दिन की सूचना नहीं दी है जब तक कि अध्यक्ष ने अपने विवेक से ऐसा करना अनुज्ञात न कर दिया हो ।

(9) सदस्यों को अधिवेशन की सूचना उसे संदेय संदेश वाहक द्वारा या उसे उसके अंतिम निवास स्थान या कारबार के स्थान पर भेजी जा सकती है या ऐसी अन्य रीति में जो अध्यक्ष या सदस्य-सचिव मामलों की परिस्थितियों में ठीक समझते हैं ।

17. स्थायी समिति का अध्यक्ष और उसकी कार्यवाहियां-

(1) अध्यक्ष धारा 3 की उपधारा (7) के अधीन उसके द्वारा नियुक्त स्थायी समिति के किसी सदस्य को उस समिति के सदस्यों में से चयन करेगा जो उसके अधिवेशनों की अध्यक्षता करेगा ।

IndiaCode

(2) उपानेयम (1) के अधीन चयनित सदस्यो के अभाव में स्थायी समिति के अधिवेशन की अध्यक्षता ऐसे सदस्य द्वारा की जाएगी जो अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित किया जाएगा ।

(3) स्थायी समिति के अधिवेशन में विनिश्चय उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जाएगा और बराबर मत होने की दशा में, उपनियम (1) के अधीन चयनित सदस्य या उसकी अनुपस्थिति में, अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाले सदस्य का निर्णायक मत होगा ।

(4) प्रत्येक सदस्य का एक मत होगा ।

(5) स्थायी समिति के अधिवेशन की गणपूर्ति तीन होगी ।

(6) स्थायी समिति का संयोजक, प्राधिकरण के परामर्श से भारत में कहीं भी उसके अधिवेशनों के स्थान को अवधारित कर सकेगा और ऐसे अधिवेशन की सूचना कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व सभी सदस्यों को तामील करेगा ।

18. प्राधिकरण द्वारा विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति:-

(1) प्राधिकरण ऐसे विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं को नियुक्त कर सकेगा जिन्हें वह तकनीकी क्षेत्रों में, जिनमें विशिष्ट सलाह की आवश्यकता है, मार्गदर्शन और सहायता के लिए आवश्यक समझता है जिससे प्राधिकरण अपने कर्तव्यों और कृत्यों के दक्ष निर्वहन करने में समर्थ हो सके ।

(2) प्राधिकरण अपने कर्तव्यों और कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसी अन्य समितियाँ जो आवश्यक हों नियुक्त कर सकेगी ।

(3) प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार के परामर्श से विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं को संदेय पारिश्रमिक के मात्रा नियत कर सकेगी ।

19. महा रजिस्ट्रार का वेतन, भत्ता और सेवा शर्तें :-

(1) महा रजिस्ट्रार भारत सरकार के अपर सचिव की रैंक के तुल्य पदधारी होगा और वह प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्ति का स्थानांतरण या संविदा आधार पर नियुक्त किया जाएगा ।

IndiaCode

(2) महा रजिस्ट्रार अपने वेतन और अन्य भत्तों की बाबत जिसके अन्तर्गत पेंशन, छुट्टी, यात्रा और दैनिक भत्ते भी हैं, भारत सरकार के अपर सचिव को अनुज्ञेय दरों पर केन्दीय सरकार के नियमों द्वारा शासित होगा ।

(3) महा रजिस्ट्रार ऐसा व्यक्ति होगा जो प्रमाणित प्रबंधकीय या विधिक या बौद्धिक सम्पदा अधिकार या कृषि विकास संबंधी अनुभव रखता हो ।

(4) महा रजिस्ट्रार की पदावधि पांच वर्ष की अवधि की होगी या जब तक वह साठ वर्ष की आयु पूरी करता है, इनमें जो भी पूर्वतर हो, होगी:

परंतु कोई अभ्यर्थी जिसका पद-कार्यकाल कम से कम दो वर्ष न रहता हो, महा रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

(5) महा रजिस्ट्रार के रूप में एक अवधि को पूरा करने पर, दूसरी तीन वर्ष की अवधि के लिए या साठ वर्ष की आयु पूरी करने तक, इनमें जो भी पूर्वतर हो, पात्र होगा ।

20. प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की रीतिः

(1) प्राधिकरण चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिकारियों के पदों पर भर्ती और नियुक्ति कर सकेगा ।

(2) प्राधिकरण रोजगार समाचार में और कम से कम एक राष्ट्रीय दैनिक में पदों को विज्ञापित करने के पश्चात् सीधी भर्ती की रीति द्वारा या संविदा के आधार पर साक्षात्कार करने के पश्चात् चयन द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती कर सकेगा ।

(3) उपनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए, प्राधिकरण ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भी नियुक्ति कर सकेगा, जो उसके द्वारा स्थानांतरण पर या प्रतिनियुक्ति आधार पर या संविदा आधार पर अपेक्षित हो ।

(4) प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें वे होंगी जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्य रैंक के सेवको को लागू होती हैं ।

IndiaCode

(5) प्राधिकरण के किसी अधिकारी या कर्मचारी की सेवा शर्तों के संबंध में कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो इसे केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिश्चित किया जाएगा ।

21. **अध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य -**

(1) अधिनियम में विनिर्दिष्ट कर्तव्यों के अतिरिक्त, अध्यक्ष को प्राधिकरण के कार्यकलाप के संचालन और प्रबंधन में साधारण अधीक्षण और निदेशों की शक्तियां प्राप्त होंगी जिससे प्राधिकरण अपने कर्तव्य को प्रभावपूर्ण ढंग से निर्वहन करने में और अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमो और विनियमों के उपबंधों के अनुपालन हो, की अंवेक्षा करने में समर्थ हो सके कर सके ।

(2) अध्यक्ष ऐसे अन्य कर्तव्यों और कृत्यों का निर्वहन भी करेगा जो प्राधिकरण उसे लिखित रूप में साधारण या विशेष आदेश द्वारा प्रत्यायोजित करे या केन्द्रीय सरकार समय-समय पर उसे निर्वहन करने के लिए प्राधिकृत करे ।

(3) अध्यक्ष प्राधिकरण के अधिवेशनों को बुलाएगा, उनकी अध्यक्षता और संचालन करेगा तथा प्राधिकरण द्वारा लाए गए सभी विनिश्चयों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होगा ।

(4) अध्यक्ष संवर्धकों, अनुसंधानकर्ताओं, कृषकों और कृषक समुदायों के ऐसे अधिकारों का, जो अधिनियम के अधीन उपबंधित हैं संरक्षण करते हुए नई पौधा किस्मों के विकास को मार्गदर्शित और सुकर बनाएगा ।

(5) अध्यक्ष रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्मों के अनिवार्य अनुज्ञापन के लिए अपने समाधानप्रद रूप में सुकर बनाएगा और कार्य करेगा और ऐसे रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्मों के सार्वजनिक उपयोग को निर्बंधित करने के लिए, जो उपनियम (4) के अधीन कार्रवाई की जा सके, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों को सलाह देगा ।

22. **प्राधिकरण के साधारण कृत्य-**

(1) प्राधिकरण धारा 29 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट उपबंधों के संबंध में, विद्यमान किस्मों और कृषक की किस्मों से भिन्न नई पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के

प्रयोजनों के लिए जीन्स या जातियों को विनिर्दिष्ट और अधिसूचित करने के लिए केन्द्रीय सरकार को सलाह देगा ।

(2) प्राधिकरण धारा 8 की उपधारा (2) के खंड (क) के अधीन ऐसे अवधि के भीतर जो उसके द्वारा अवधारित की जाए, ऐसी किस्मों की भिन्नता, एकरूपता और स्थायित्व (जिसे इसे इसमें इसके पश्चात् डीयूएस कहा गया है) देने के लिए उपयुक्त परीक्षण कसौटी के साथ विद्यमान किस्मों को रजिस्टर करेगा ।

(3) प्राधिकरण डीयूएस परीक्षण और अन्य परीक्षण कसौटी का विकास करेगा तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित फसलों की प्रजातियों की प्रत्येक किस्म की विशेषता के लिए ऐसे परीक्षण आयोजित करेगा ।

(4) प्राधिकरण सर्वज्ञात सभी किस्मों का, जिसके अंतर्गत सभी रजिस्ट्रीकृत विद्यमान और कृषकों की किस्में तथा ऐसी किस्में हैं जो भारत के बाहर ऐसी प्रजातियों से संबंधित नई किस्मों के लिए रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने से पूर्व प्रत्येक फसल प्रजातियों के लिए उगाई जाती, पर डेटा बेस को संकलित करेगा और उसे रखेगा ।

(5) प्राधिकरण देश में उपयोग की जाने वाली किसी फसल किस्म के ब्यौरे को उसे अपने डेटाबेस में सम्मिलित करने के प्रयोजन के लिए मंगाने और उपाप्त करने का हकदार होगा ।

(6) कोई लोक या प्राइवेट संस्था समुदाय या व्यष्टिक, जो ऐसी किस्मों के बीज के उत्पादन और उपयोग में लागू हुआ है, ऐसी किस्म के बीज की उसकी विशेषता के साथ जानकारी और सही नमूना उपलब्ध कराएगा ।

(7) प्राधिकरण सभी रजिस्ट्रीकृत किस्मों के बीज के उत्पादन और विक्रय का अभिलेख रखेगा ।

(8) रजिस्ट्रीकृत किस्मों के सभी संवर्धकों के लिए प्राधिकरण को ऐसी रजिस्ट्रीकृत अवधि के पूरा होने से तीन मास से अनधिक की अवधि के भीतर वार्षिक बीज उत्पादन और विक्रय पर प्रमाणित आंकडे भेजना आवश्यक होगा ।

(9) प्राधिकरण यदि अपेक्षित हो, विनिर्दिष्ट रूप से देश के किसी क्षेत्र से संबंधित ऐसे आंकड़े मंगाने का भी हकदार होगा ।

23. पौधा किस्मों के राष्ट्रीय रजिस्टर में सम्मिलित किए जाने वाले विषय-

पौधा किस्मों के राष्ट्रीय रजिस्टर में प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत किस्म की निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात् :–

(1) रजिस्ट्रीकरण संख्यांक ;

(2) सवंर्धक(कों) की राष्ट्रीयता ;

(3) अभिधान जैसा मंजूर किया गया है ;

(4) रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने की तारीख ;

(5) वह तारीख जब आवेदन प्राप्त किया गया था ;

(6) आवेदन को दिया गया अनंतिम संख्यांक ;

(7) राजपत्र में अधिसूचना की तारीख ;

(8) पौधा किस्म (नई, विद्यमान या कृषक) का समूह ;

(9) किस्म का वर्गीकरण (विशिष्ट किस्म, संकर किस्म या आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म) ;

(10) किस्म का अभिधान, सामान्य फसल नाम, जिससे किस्म संबंधित है, वनस्पतिक नामों में फसल की वर्गिकी वंशावली ;

(11) किस्म की पासपोर्ट डाटा ;

(12) किस्म को विशिष्ट बनाने वाली आवश्यक विशेषता ;

(13) संरक्षण की आरंभिक तारीख ;

(14) संरक्षण की समाप्त होने वाली तारीख ;

(15) अन्य ब्यौरों के साथ (आधार आदि) प्रतिसंहरण की तारीख ;

(16) आवेदक(कों) का नाम और पता ;

IndiaCode

(17) दस्तावेजों के तामील के लिए पता ;

(18) संवर्धक (कों) का नाम और पता (जहां संवर्धक आवेदक नहीं है) ;

(19) विधिक प्रतिनिधि का नाम और पता (यदि लागू हो) ;

(20) अनुज्ञप्तिधारी का नाम, पता और अन्य ब्यौरे तथा अनुज्ञप्ति के निबंधन (यदि लागू हो) ;

(21) अधिकारिता अधिकारों के साथ अभिकर्ता का नाम, पता और अन्य ब्यौरे, यदि कोई हो (यदि नियुक्त किए गए हों) ;

(22) फसल का प्रकार ;

(23) कुल, वंश, जाति, किस्म का नाम और सामान्य नाम ;

(24) आरंभिक किस्म के संवर्धक का नाम और पता (आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म के मामले में) ;

(25) प्रजनक सामग्री/बीजों के अर्जन के ब्यौरे (यदि लागू हो) ;

(26) विकास में प्रयुक्त मूल सामग्री के ब्यौरे (यदि लागू हो) ;

(27) आनुवंशिक सामग्री के वितरक(कों) का नाम और पता (यदि लागू हो) ;

(28) प्राधिकरण या महारजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य लक्षण ;

(29) पौधा किस्म का मूल देश ;

(30) डीयूएस परीक्षणों के परिणामों सहित निकटतम किस्म के विशिष्ट ब्यौरों सहित किस्म का संक्षिप्त विवरण जिसे रेखाचित्रों या फोटोग्राफ या दोनों के साथ दिया जाए ;

(31) अनिवार्य अनुज्ञप्ति के मामले में अनुज्ञप्तिधारी का अन्य ब्यौरों के साथ नाम और पता (निबंधन और शर्तें, प्रतिसंहरण आदि) यदि लागू हों ;

(32) किस्म को परित्याग करने की घोषणा और ब्यौरा (यदि लागू हो) ;

(33) फायदा में हिस्सेदारी का ब्यौरा ;

IndiaCode

(34) विरोध, प्रतिसंहरण, प्रत्यावर्तन, रख-रखाव का ब्यौरा (जहां लागू हों) ;

(35) देश में रजिस्ट्रीकरण से पूर्व भारत के बाहर संवर्धित किस्मों के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी पौधा किस्मों के राष्ट्रीय रजिस्टर में प्रविष्ट की जाएगी, अर्थात् :--

(क) देश(शों) के नाम, जहां संरक्षण दिया गया है , उनमें से प्रत्येक में किस्म के अभिधान के साथ,

(ख) देश के साथ पहले संरक्षण की तारीख,

(ग) पहले फाइल करने की बाबत महत्वपूर्ण विशेषता में अंतर,

(घ) तारीख के साथ देश, जहां किस्म का पहले वाणिज्यीकरण किया गया था,

(ङ) प्राधिकरण या महारजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य कोई लक्षण ;

(36) अभिसमय किसी आवेदन के मामले में निम्नलिखित सूचना भी दी जाएगी, अर्थात् :--

(क) अभिसमय देश का नाम

(ख) अभिसमय की अवधि का पासपोर्ट डाटा

(ग) आवेदन की तारीख

(घ) रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने की तारीख

(ङ) रजिस्ट्रीकरण संख्यांक

(च) समुदाय जो स्वीकार किया गया है

(छ) राजपत्र अधिसूचना की तारीख

(ज) संरक्षण की आरंभिक तारीख

(झ) संरक्षण की समाप्ति की तारीख

IndiaCode

(ञ) क्या किस्म का देश के भीतर या देश के बारह विक्रय किया गया है या अन्यथा व्ययनित की गई है यदि, ऐसा हो तो उसका ब्यौरा

(37) किसी प्रविष्टि में किया गया कोई परिवर्तन ।

अध्याय 3
पौधा किस्म का रजिस्ट्रीकरण

24. धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन विद्यमान पौधा किस्मों का रजिस्ट्रीकरण -

रजिस्ट्रार अधिनियम के अधीन उसकी अधिसूचना की तारीख से तीन वर्ष के भीतर प्रत्येक विद्यमान किस्म को रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र जीन्स और किस्म से संबंधित विनियमों में यथाअधिकथित भिन्नता, एकरूपता और स्थायित्व की कसौटी का अनुसरण करने के अधीन रहते हुए रजिस्टर करेगा :

परन्तु रजिस्ट्रार तीन वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् विद्यमान किस्म के कारणों को अभिलिखित करते हुए रजिस्टर कर सकेगा ।

25. धारा 16 की उपधारा (1) के खंड (ङ) के अधीन किसी किस्म को रजिस्टर करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने के लिए आवेदन-

धारा 16 की उपधारा (1) के खंड (ङ) के अधीन किसी किस्म को रजिस्टर करने के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत करने के लिए आवेदन पहली अनुसूची में दिए गए प्ररूप पी.वी.-1 में उस धारा की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा किया जाएगा ।

26. पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने के लिए धारा 18 की उपधारा (1) के खंड (छ) के अधीन संदेय फीस-

धारा 14 के अधीन किसी पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने के लिए ऐसी फीस, जो उस प्रयोजन के लिए दूसरी अनुसूची के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट की जाए, होगी ।

27. धारा 18 की उपधारा (3) के अधीन आवेदन करने के अधिकार का सबूत-

(1) जहां धारा 18 की उपधारा (3) के अधीन संवर्धक के उत्तराधिकारी या समनुदेशिती द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए कोई आवेदन किया गया है वहां वह ऐसे आवेदन को करने के समय या ऐसा आवेदन करने के छह मास के भीतर रजिस्ट्रीकरण के लिए ऐसा आवेदन करने के अधिकार की बाबत दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करेगा ।

(2) समनुदेशन के मामले में दस्तावेजी सबूत पहली अनुसूची में दिए गए प्ररूप पी.वी.-2 में विनिर्दिष्ट रीति में किया जाएगा और उत्तराधिकार के मामले में ; आवेदक का उत्तराधिकारी के रूप में साबित करने वाला, उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या उत्तराधिकार के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएगा ।

28. धारा 19 के अधीन परीक्षण करने की फीस-

इस प्रयोजन के लिए आवेदक धारा 19 के अधीन अपेक्षित परीक्षण करवाने के लिए रजिस्ट्रार के पास दूसरी अनुसूची के स्तंभ (3) में यथाविनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस जमा करेगा ।

29. धारा 19 के अधीन परीक्षण करने के लिए रीति और ढंग-

(1)(क) प्राधिकरण प्रत्येक किस्म के डीयूएस परीक्षण और विशेष परीक्षण करने के लिए पृथक फीस प्रभारित करेगा ।

(ख) विशेष परीक्षण केवल तभी किए जाएंगे जब डीयूएस परीक्षण भिन्नता की अपेक्षा को स्थापित करने में असफल रहता है ।

(ग) डीयूएस परीक्षण कम से कम दो फसल मौसमों के लिए क्षेत्रीय और बहुस्थानीय आधारित और विशिष्ट परीक्षण प्रयोगशाला आधारित होंगे ।

(घ) डीयूएस और विशेष परीक्षणों के लिए फीस इस प्रयोजन के लिए दूसरी अनुसूची के स्तंभ (3) में यथाउपबंधित के अनुसार होगी ।

(2) यदि रजिस्ट्रार का, रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन की आरंभिक छानबीन के पश्चात, यह समाधान हो जाता है कि आवेदन उचित रूप में है तो वह डीयूएस परीक्षण करने के लिए दो मास की अवधि के भीतर आवेदक को दूसरी अनुसूची में स्तंभ (3) में यथाविनिर्दिष्ट अपेक्षित फीस जमा करने के लिए अधिसूचित करेगा ।

(3) रजिस्ट्रार उपनियम (1) के अधीन मांगी गई फीस की प्राप्ति पर आवेदन को आगे कार्रवाई करने के लिए विचार करेगा ।

(4) डीयूएस परीक्षण आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म को छोड़कर सभी नई किस्मों के लिए आवश्यक होगा ।

(5) आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्मों के परीक्षण की रीति प्रत्येक मामले के आधार पर प्राधिकरण द्वारा विनिश्चित की जाएगी ।

(6) डीयूएस परीक्षण कम से कम दो अवस्थानों पर किया जाएगा ।

(7) प्राधिकरण ऐसे परीक्षण करने के लिए देश में डीयूएस या विशेष परीक्षण करने के लिए प्राप्त सुविधाएं रखने वाली संस्थाओं को मान्यता दे सकेगा और उनके पैनल बना सकेगा ।

(8) प्राधिकरण डीयूएस और विशेष परीक्षण करने के लिए अपनाए गए ढंगों को अधिसूचित करेगा ।

(9) प्राधिकरण प्रत्येक फसल के लिए डीयूएस परीक्षण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत विकसित करेगा और अपने जरनल में उन्हें प्रकाशित करेगा ।

(10) ऐसे बीजों या प्रोपेगूलेस के नमूने जिनकी बाबत रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया गया है और डीयूएस तथा विशेष परीक्षणों के लिए रजिस्ट्रीकरण के अधीन मूल बाध्यताएं प्रस्तुत कर दी गई हैं तथा जिन्हें राष्ट्रीय जीन्स बैंक में जमा कर दिया गया है, आनुवांशिक शुद्धता और एकरूपता तथा अंकुरण के अनुरक्षणीय मानक स्वच्छता और पादप स्वच्छता मानक प्रस्तुत करेंगे ।

30. धारा 21 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन का विज्ञापन देना-

(1) ऐसी किस्मों के रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन जिन्हें स्वीकृत कर लिया गया है और जिनके अंतर्गत विनिर्देश भी हैं धारा 20 की उपधारा (1) के अधीन इस प्रकार स्वीकार किए जाने पर रजिस्ट्रार द्वारा तीसरी अनुसूची के प्ररूप- 0-1 में विनिर्दिष्ट रीति में विज्ञापित किए जाएंगे ।

(2) रजिस्ट्रार उपनियम (1) के अधीन ऐसे प्रत्येक विज्ञापन में उस स्थान या स्थानों का उल्लेख करेगा जहां किसी किस्म के नमूने का निरीक्षण किया जाए ।

(3) ऐसे विज्ञापन की विषयवस्तु में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे-

(क) उस किस्म, जिसके संबंध में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया गया है, को विकसित करने के लिए प्रयुक्त मूल बाध्यता या आरंभिक किस्म का नाम पासपोर्ट डाटा और स्रोत,

(ख) किस्म का वर्णन जिसमें डीयूएस परीक्षण अनुसूची के अधीन यथाविनिर्दिष्ट इसकी विशेषता की रूपरेखा स्पष्ट हो,

(ग) किस्म की विशिष्टियां प्रस्तुत करने वाली आवश्यक विशेषताएं,

(घ) किस्म के महत्वपूर्ण कृषि विज्ञानी और वाणिज्यिक विशेषताएं ।

(ङ) किस्म के आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए फोटोग्राफ अथवा रेखाचित्र, यदि कोई हों, और

(च) किस्म संबंधी दावा, यदि कोई हो ।

31. धारा 21 की उपधारा (2) के अधीन विरोध का नोटिस -

(1) कोई हितबद्ध व्यक्ति, रजिस्ट्रीकरण के लिए किसी आवेदन के विज्ञापन की तारीख से तीन मास के भीतर किसी पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के विरोध का पहली अनुसूची के प्ररूप पी.वी.-3 में नोटिस दे सकेगा ।

(2)उपनियम (1) में निर्दिट कोई विरोध फाइल करने के लिए संदेय फीस वह होगी, जो दूसरी अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट है :

परन्तु किसी कृषक अथवा कृषकों के समूह अथवा ग्रामीण समुदायों द्वारा किए गए विरोध के संबंध में कोई फीस संदेय नहीं होगी ।

(3) किसी विशिष्ट आवेदन के विरुद्ध प्राप्त विरोध के प्रत्येक नोटिस की प्रतिलिपि, विरोध फाइल करने की अन्तिम तारीख से तीन मास के भीतर रजिस्ट्रार द्वारा आवेदक को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) कोई आवेदन विरोध के नोटिस की तामील की तारीख से दो मास के भीतर विरोध का मुद्देवार प्रतिकथन प्रस्तुत करने का हकदार होगा, जिसके न हो सकने पर रजिस्ट्रार विरोध के गुणागुण विनिश्चित करेगा और इसके लिए कारण देते हुए अपना विनिश्चय अधिसूचित करेगा ।

(5) उपनियम (4) के अधीन प्रत्येक प्रतिकथन, पहली अनुसूची के प्ररूप पी.वी.-4 में होगा ।

(6) आवेदक द्वारा उपनियम (4) में विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रस्तुत की गई विरोध के प्रतिकथन की प्रतियां, इसके प्राप्त होने के तीस दिन की अवधि के भीतर, आवेदन का विरोध करने वाले व्यक्ति को भेजी जाएगी, जिसमें आवेदक की ओर से प्रतिकथन के तामील की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर विरोध करने वाले व्यक्ति को अन्तिम विरोध प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा ।

(7) रजिस्ट्रार, अपने विवेकानुसार, किसी त्रुटि के सुधार अथवा विरोध के नोटिस अथवा प्रतिकथन में संशोधन अनुज्ञात कर सकेगा यदि संबंधित व्यक्तियों द्वारा ऐसे परिवर्तन के लिए लिखित रूप से अनुरोध किया जाता है ।

(8) (क) धारा 21 की उपधारा (8) में निर्दिष्ट प्रतिभूति उस किसी रकम के रूप में, जो प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाए, संदेय होगी ।

(ख) यदि विरोध में तुच्छपन पाया जाता है, तो रजिस्ट्रार उसके द्वारा अवधारित खर्चों की रकम प्राप्त प्रतिभूति रकम में से आवेदक को संदाय करने का निदेश दे सकेगा और प्रतिभूति की अतिशेष रकम का प्राधिकरण में निक्षेप किया जाएगा ।

(ग) विरोधी के सफल होने की दशा में, प्रतिभूति रकम विरोधी पक्षकार को वापस कर दी जाएगी ।

32. समय सूची का अनुपालन -

इन नियमों के अधीन विज्ञापन, विरोध, प्रतिरक्षा, सुनवाई और विनिर्देश के संशोधन के लिए उपबन्धित समय सूची को बढ़ाया नहीं जाएगा और इस अनुसूची का अनुपालन करने में असफल रहने पर अनुदत्त अवसर समपहृत हो जाएगा ।

33. धारा 21 के अधीन विरोध का नोटिस, प्रतिकथन फाइल करने या साक्ष्य प्रस्तुत करने की रीति और समय-सीमा –

(1) कोई साक्ष्य, जिस पर विरोध पक्ष आश्रय ले सकेगा, रजिस्ट्रार को दो प्रतियों में आवेदक के प्रतिकथन की प्राप्ति से एक मास के भीतर आवेदक को एक प्रति सहित प्रस्तुत किया जाएगा ।

(2) कोई साक्ष्य, जिस पर आवेदक आश्रय ले सकेगा, रजिस्ट्रार को दो प्रतियों में विरोधी पक्ष का साक्ष्य प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन के भीतर विरोधी को एक प्रति सहित प्रस्तुत किया जाएगा ।

IndiaCode

(3) रजिस्ट्रार की अनुमति या निदेशों के सिवाय, किसी पक्ष द्वारा कोई और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाएगा ।

(4) जब तक कि रजिस्ट्रार अन्यथा निदेश न दे, विरोधी पक्ष के नोटिस में या विरोध के संबंध में फाइल किए गए किसी प्रतिकथन में निर्दिष्ट पौधा किस्म आवेदन के सिवाय सभी दस्तावेजों की प्रतियां तीन प्रतियों में होंगी ।

(5) जहां कोई दस्तावेज अंग्रेजी से भिन्न किसी भाषा में है और नोटिस, कथन या साक्ष्य में निर्दिष्ट किया गया है या उसका आश्रय लिया गया है, उसका तीन प्रतियों में अंग्रेजी में अनुवाद प्रस्तुत किया जाएगा ।

(6) साक्ष्य फाइल करने की समय-सीमा किसी व्यक्ति द्वारा समय बढ़ाने के लिए किए गए किसी आवेदन के संबंध में रजिस्ट्रार के किसी विशेष आदेश के सिवाय और दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय के सिवाय सामान्यतया बढ़ाई नहीं जाएगी और ऐसी अवधि बढ़ाए जाने के लिए कोई आवेदन पहली अनुसूची के प्ररूप -पीवी 5 में होगा ।

34. धारा 23 के अधीन आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन -

(1) आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होंगे अर्थात् :-

(क) आवेदक द्वारा शपथ पर दिया गया कोई शपथ पत्र जिसमें यह कथन कि ऐसी किसी किस्म में कोई जीन या जीन अनुक्रम नहीं है जिसमें समापक प्रौद्योगिकी में अन्तर्वलित है.

(ख) किस्म की नवीनता, सुभिन्नता, एकरूपता तथा स्थिरता साबित करने के लिए विशेषताओं के संक्षिप्त वर्णन के ब्यौरे देते हुए कोई कथन, और

(ग) प्रयुक्त मूल सामग्री के ब्यौरे ।

(2) उपनियम (1) के अधीन आवेदन के साथ इस प्रयोजन के लिए दूसरी अनुसूची के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट फीस होगी ।

35. धारा 23 के अधीन परीक्षण करने की रीति और पद्धति -

प्राधिकरण द्वारा धारा 23 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट परीक्षण केन्द्रीय सरकार के परामर्श से किया जाएगा ।

36. धारा 23 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र -

रजिस्ट्रार, आवेदक को आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किसी किस्म के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र, तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ -2 में निर्दिष्ट रीति में जारी करेगा और रजिस्ट्रीकरण एक प्रति प्राधिकरण को और अन्य किसी निकाय(यों) को, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाएं, जानकारी के लिए भेजेगा ।

अध्याय - IV

रजिस्ट्रीकरण और फायदा अंशभाजन

37. धारा 24 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र -

(1) धारा 24 की उपधारा (2) के अधीन किसी आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म से भिन्न किसी पौध किस्म के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-2 में होगा ।

(2) रजिस्ट्रार धारा 24 की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र सभी अन्य अपेक्षाओं के पूरा होने के अध्यधीन रहते हुए आवेदन फाइल किए जाने के तीन वर्ष के भीतर जारी करेगा ।

(3) धारा 24 की उपधारा (2) के अधीन जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की एक प्रति प्राधिकरण और ऐसे अन्य निकाय या अभिकरण को भेजी जाएगी, जिसे केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे ।

IndiaCode

38. धारा 24 के अधीन आवेदक को नोटिस -

(1) यदि, आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किसी किस्म से भिन्न किसी पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण का आवेदन धारा 24 की उपधारा (3) में दी गई परिस्थितियों में 12 मास की अवधि के भीतर, पूरा नहीं किया जाता है, तो रजिस्ट्रार, आवेदक को उसके भारत में कारबार के पते के मूल स्थान पर या भारत में उसके कारबार का कोई मूल स्थान नहीं है, तो आवेदन में कथित भारत में पते पर तीस दिन का नोटिस तामील के लिए भेजेगा, किन्तु यदि आवेदक ने आवेदन के प्रयोजन के लिए किसी अभिकर्ता को प्राधिकृत किया है तो, नोटिस अभिकर्ता को भेजा जाएगा और उसकी द्वितीय प्रति आवेदक को कोई आवेदन फाइल करने के लिए या ऐसे और समय के लिए, जो रजिस्ट्रार अनुज्ञात करे, रजिस्ट्रीकरण पूरा करने के लिए भेजी जाएगी।

(2) उपनियम (1) के अधीन नोटिस दूसरी अनुसूची के प्ररूप में 3 होगा ।

39. धारा 24 के अधीन रजिस्ट्रीकरण का नवीकरण और पुनरीक्षण -

(1) (क) प्राधिकरण, आवेदक से आवेदन प्राप्त होने पर, धारा 24 की उपधारा (6) में यथा उल्लिखित रजिस्ट्रीकरण की आरम्भिक अवधि का पुनर्विलोकन या नवीकरण कर सकेगा ।

(ख) उपनियम (1) के अधीन पुनर्विलोकन और नवीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-6 में किया जाएगा और रजिस्ट्रीकरण की आरम्भिक अवधि के अवसान से पूर्व बारह से अठारह महीने के भीतर फाइल किया जाएगा ।

(ग) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ रजिस्ट्रीकरण की आरम्भिक अवधि के अधीन शेष वर्षों के लिए संदेय फीस, आवेदन की पूर्ववर्ती वर्ष के लिए नियत दर पर बकाया सहित, यदि कोई हो, लगी होगी ।

IndiaCode

(2)(क) रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण का आवेदन रजिस्ट्रीकरण की विधिमान्यता की कुल संकलित अवधि की शेष अवधि के लिए या ऐसी शेष अवधि के भीतर किसी अवधि के लिए आवेदन किया जा सकेगा ।

(ख) यदि आवेदक कुल संकलित अवधि से कम अवधि के लिए आवेदन करता है, तो रजिस्ट्रीकरण के और नवीकरण के लिए किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(3)(क) यथास्थिति, वृक्षों और बेलों की दशा में नौ वर्ष और अन्य फसल किस्मों की दशा में छह वर्ष से परे रजिस्ट्रीकरण की ऐसी बढ़ाई गई अवधि के लिए संदेय फीस रजिस्ट्रीकरण की उक्त आरम्भिक अवधि के गत दो वर्षों के दौरान उद्गृहीत औसत वार्षिक फीस पर आधारित होगी ।

(ख) रजिस्ट्रीकरण की बढ़ाई गई अवधि के लिए वार्षिक फीस समान होगी और एक किस्त में अग्रिम रूप में संदेय होगी ।

(4) प्राधिकरण ऐसे अन्तरालों के भीतर जो वह समुचित समझे, इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत और नवीकृत किस्मों की सूची, रजिस्ट्रीकरण की अवधि, सही धारकों के नाम और पते संबंधित विशिष्टियों सहित अपने जर्नल और राजपत्र में आवधिक रूप से प्रकाशित करेगा ।

40. धारा 26 के अधीन फायदा अंशभाजन के लिए दावा आमंत्रित करते हुए प्रमाण पत्र की अन्तर्वस्तु का प्रकाशन-

प्राधिकरण धारा 23 की उपधारा (8) या धारा 24 की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर अधिनियम के अधीन फायदा अंशभाजन के लिए दावा आमंत्रित करने के प्रयोजन के लिए रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रमाणपत्र के निम्नलिखित ब्यौरे विज्ञापित करेगा, अर्थात्:-

IndiaCode

(ख) उस आवेदक या संवर्धक का नाम और पता, जिसके नाम से प्रमाणपत्र जारी किया गया है या रजिस्ट्रीकृत किया गया है;

(ग) किस्म का मापमान;

(घ) परिवार, जाति, प्रजाति, किस्म और सामान्य नाम;

(ङ) किस्म की भौगोलिक अवस्थिति और मूल;

(च) सुभिन्न लक्षणों या विशेषताओं के ब्यौरे;

(छ) 'आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म ' की दशा में वह ' आरम्भिक किस्म' जिससे 'आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म ' के व्युत्पन्न किए जाने का दावा किया गया है;

(ज) अभिदाता का नाम और पता, अभिदान की प्रकृति और रकम या पौध किस्म के विकास में उपयोग किया गया सामुदायिक ज्ञान;

(झ) संवर्धक और अभिदाता के बीच किए गए करार के निबंधन और शर्तें, यदि कोई हों;

(ञ) यदि किस्म का विक्रय किया गया है या अन्यथा निबटान किया गया है तो, उसके ब्यौरे ।

41. धारा 26 के अधीन फायदा प्रभाजन दावा-

(1) धारा 26 की उपधारा (1) के अधीन प्रमाणपत्र की विशिष्टियां प्रकाशित किए जाने के पश्चात् कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या फर्म या गैर सरकारी संगठन पहली अनुसूची के प्ररूप पी वी - 7 में फायदा अंशभाजन के लिए उस धारा की उपधारा (2) के अधीन ऐसे प्रकाशन की तारीख से छः मास की अवधि के भीतर दावा कर सकेगा:

परंतु विशेष परिस्थितियों में प्राधिकृत छः मास की अवधि से परे समय बढ़ा सकेगा ।

(2) ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह फर्म या गैर सरकारी संगठन जिसने फायदा अंशभाजन के लिए आवेदन किया है, निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध कराएगा, अर्थात्:-

(क) पौध किस्म के आनुवांशिक विकास में व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या फर्म या समुदाय या गैर सरकारी संगठन द्वारा किया गया अभिदान ;

(ख) वह हैसियत, जिसमें व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह फर्म या गैर सरकारी संगठन फायदा अंशभाजन के लिए दावा कर रहा है,

(ग) "आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्मों" की दशा में वे निबंधन और शर्तें जिनमें प्राधिकरण दिया गया है,

(घ) इस प्रकार रजिस्ट्रीकृत किस्म की वाणिज्यिक्धार्यता या वास्तविक विपणन निष्पादन,

(3) कोई आवेदक फायदा अंशभाजन के लिए **दूसरी अनुसूची** के स्तंभ (3) में इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करेगा ।

42. धारा 26 के अधीन फायदा अंशभाजन के लिए किसी दावे का विरोध-

(1) फायदा अंशभाजन के लिए किसी दावा की प्रति प्राप्त होने पर, पौध किस्म का रजिस्ट्रीकृत संवर्धक दावा स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार उसकी जानकारी ऐसी प्राप्ति की तारीख से, तीन मास की अवधि के भीतर प्राधिकरण को देगा ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट तीन मास की अवधि के भीतर पौधा संवर्धक के असफल रहने या उपनियम (1) के अधीन जानकारी देने में व्यतिक्रम होने की दशा में यह उपधारणा की जाएगी कि उसका ऐसे दावे के संबंध में कोई विरोध नहीं है और तद्नुसार दावे का विनिश्चय किया जाएगा ।

(3) यदि दावे की सूचना प्राप्ति के तीन मास की अवधि के भीतर, पौध किस्म का संवर्धक, फायदा अंशभाजन के लिए दावे के संबंध में अपना विरोध फाइल करता है, तो ऐसे किसी विरोध पर फायदा अंशभाजन के लिए दावे का निबटारा करते समय या विनिश्चय करते समय विचार किया जाएगा ।

(4) उपनियम (3) के अधीन विरोध की प्रत्येक सूचना **पहली अनुसूची** के प्ररूप **पी वी - 8** में होगी ।

(5) प्राधिकरण, रजिस्ट्रीकृत संवर्धक से उत्तर प्राप्त होने पर, दावाकर्ता को ऐसे उत्तर की एक प्रति प्रस्तुत करेगा ।

(6) रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या फायदा अंशभाजन का दावाकर्ता ऐसे समर्थनकारी दस्तावेज या अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करेगा, जिन पर प्राधिकरण द्वारा फायदा अंशभाजन के किसी दावे का निबटारा करते समय विचार किया जाएगा ।

43. धारा 26 के अधीन फायदा अंशभाजन का अवधारण-

प्राधिकरण, आदेश द्वारा, धारा 26 के उपधारा (5) के खंड (क) और खंड (ख) के अनुसार और निम्नलिखित मापदंड को ध्यान में रखते हुए किसी किस्म के फायदा अंशभाजन की रकम का अवधारण करेगा:-

(क) आनुवांशिकीय सामग्री चयनित, सुरक्षित और उपलब्ध कराने में दावाकर्ता का अभिदान,

(ख) एक या अधिक ट्रेटों का उपलब्ध कराने में ऐसी आनुवांशिकीय सामग्री का अभिदान जो किस्म को उच्च वाणिज्यिक मूल्य प्रदत्त करती हैं ।

(ग) फायदा अंशभाजन से संबंधित संकर किस्म के मूल से संबंधित उच्च संयोजक उपयोगिता प्रदान करने के लिए ऐसी आनुवांशिक सामग्री का अभिदान ।

44. धारा 26 के अधीन फायदा अंशभाजन की वसूली के लिए प्रतिनिर्देश -

रजिस्ट्रार, धारा 26 की उपधारा (6) के अधीन अपेक्षित प्राधिकरण के आदेश के अनुसार ऐसे आदेश की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर किस्म के संवर्धक की ओर से आनुवांशिक निधि में फायदा अंशभाजन की रकम का निक्षेप करने में व्यतिक्रम करने या असफल रहने की दशा में, धारा 26 की उपधारा (7) के अधीन जिला मजिस्ट्रेट को **तीसरी अनुसूची** के प्ररूप **ओ - 4** में प्रतिनिर्देश करेगा ।

45. धारा 28 के अधीन अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारक के हक के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन-

(1) धारा 28 की उपधारा (4) के अधीन यथास्थिति किसी अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए कोई आवेदन **पहली अनुसूची** के प्ररूप **पी वी - 9** में किया जाएगा ।

(2) किसी अनुज्ञप्तिधारीया किसी अभिकर्ता द्वारा हक के लिए किए गए आवेदन के साथ करार हकदारी का लिखत या किसी अन्य दस्तावेजी साक्ष्य की तीन सांख्याकित प्रतियां होंगी ।

(3) प्रस्तावित अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी से यह भी अपेक्षा की जाएगी कि वह ऐसे अन्य दस्तावेज या जानकारी, जो हक के सबूत के समर्थन में रजिस्ट्रार द्वारा अपेक्षित हो, प्रस्तुत करे ।

(4) आवेदक, धारा 28 की उपधारा (4) के अधीन दूसरी अनुसूची के स्तंभ (3) में इस प्रयोजन के लिए यथाविनिर्दिष्ट फीस का संदाय करेगा ।

46. धारा 28 के अधीन हकदारी के विवाद के प्रति निर्देश -

(1) धारा 28 की उपधारा (4) के अधीन किसी विवाद का अवधारण करने के लिए प्राधिकरण को प्रतिनिर्दिष्ट करते समय रजिस्ट्रार विवाद से संबंधित सभी सुसंगत जानकारी सभी दस्तावेजों और उसके कार्यालय में उपलब्ध साक्ष्य की तीन प्रतियां प्रस्तुत करेगा ।

(2) रजिस्ट्रार, विवाद के संबंध में प्राधिकरण के किसी आदेश के प्राप्त होने पर आदेश की प्रतियां अन्तर्वलित व्यक्तियों को आवश्यक अनुपालन के लिए प्रस्तुत करेगा ।

47. धारा 28 के अधीन हकदारी का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र -

धारा 28 की उपधारा (4) के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा किसी रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी या किसी अभिकर्ता को जारी किया जाने वाला रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-5 में होगा ।

48. धारा 28 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के फेरफार या रद्दकरण के निबन्धनों के लिए आवेदन और प्रकिया -

(1) धारा 28 की उपधारा (9) के खण्ड (क), (ख), (ग), (घ) या (ङ) के अधीन किसी रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या उसके उत्तरवर्ती या किसी अन्य व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण के निबन्धनों के फेरफार या रद्दकरण के लिए कोई आवेदन पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-10 में होगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ दूसरी अनुसूची के स्तम्भ (3) में इस प्रयोजन के लिए यथाविनिर्दिष्ट फीस होगी ।

49. धारा 28 के अधीन नोटिस और प्रकिया -

(1) रजिस्ट्रार, धारा 28 की उपधारा (10) के अधीन प्रत्येक आवेदन का नोटिस रजिस्ट्रीकृत संवर्धक अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी को तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-6 में जारी करेगा ।

(2) ऐसा कोई व्यक्ति जिसे उपनियम (1) के अधीन कोई निदेश जारी किया गया है और धारा 28 के अधीन किसी प्रक्रिया का विरोध या उसमें हस्तक्षेप करने का आशय रखता है, वह ऐसे नोटिस की प्राप्ति के तीन मास के भीतर रजिस्ट्रार को पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-11 में विरोध करने या हस्तक्षेप करने का नोटिस देगा ।

(3) रजिस्ट्रार, विरोध या हस्तक्षेप का नोटिस प्राप्त होने पर उसकी एक प्रति आवेदक को देगा ।

(4) रजिस्ट्रार, आवेदन को स्वीकार या नामंजूर कर सकेगा या इसे ऐसी किसी शर्त, उपान्तरण या परिसीमा के अधीन रहते हुए जो प्राधिकरण द्वारा निदेशित की जाए, स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा ।

अध्याय- 5

रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का अभ्यर्पण और प्रतिसंहरण तथा रजिस्टर को शुद्ध करना और संशोधित करना

50. धारा 33 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का अभ्यर्पण-

रजिस्ट्रीकृत संवर्धक किसी भी समय रजिस्ट्रार को नोटिस देकर धारा 33 की उपधारा (1) के अधीन पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-12 में अपने पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को अभ्यर्पित कर सकेगा ।

51. धारा 33 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के अभ्यर्पण के लिए आवेदन के संबंध में प्रक्रिया -

(1) रजिस्ट्रार, ऐसे प्रमाणपत्र से संबंधित रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी को नियम 50 के अधीन प्रस्तावित प्रत्येक नोटिस तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-7 में देगा ।

(2)(क) कोई व्यक्ति जिसे उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के अभ्यर्पण का नोटिस दिया गया है, जिसका अभ्यर्पण का विरोध करने का आशय है, ऐसे नोटिस की प्राप्ति के तीन मास के भीतर, रजिस्ट्रार को पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-13 में विरोध का नोटिस देगा और विरोधकर्ता के हित की प्रकृति, विरोध के नोटिस के साथ वे तथ्य, जिनका आश्रय लिया गया है, की प्रकृति बताते हुए एक लिखित कथन भेजेगा ।

(ख) तदुपरि, रजिस्ट्रार, उसके द्वारा प्राप्त लिखित कथन पर आवेदक द्वारा विरोध के नोटिस की तामील करेगा ।

(3) यदि आवेदक विरोध का खण्डन करना चाहता है तो वह समुचित कार्यालय में उन आधारों को बताते समय जिन पर विरोध का खण्डन किया जा रहा है, उसके द्वारा प्राप्त लिखित कथन की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर उपनियम (2) के अधीन फाइल करेगा या वहां पर छोड़ेगा और उसकी एक प्रति का प्रदाय, विरोधी पक्ष को करेगा ।

(4) आवेदक या कोई व्यक्ति जिसको उपनियम (1) के अधीन कोई नोटिस जारी किया गया है, रजिस्ट्रार को पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी 14 में सुनवाई का अवसर चाहते हुए एक आवेदन करेगा ।

(5) रजिस्ट्रार, उपनियम (4) के अधीन किसी आवेदन की प्राप्ति पर, रजिस्ट्रार सुनवाई का समय और स्थान नियत कर सकेगा और तद्नुसार पक्षकारों को नोटिस जारी करेगा तथा हितबद्ध पक्षकार अपने मामले के समर्थन में उपसंजात हो सकेंगे और साक्ष्य दे सकेंगे या फाइल कर सकेंगे ।

IndiaCode

(6) रजिस्ट्रार, आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इसे किसी शर्त, संशोधन, उपान्तरण या परिसीमा के अध्यधीन रहते हुए स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार लिखित में पक्षकारों को सूचित करेगा ।

(7) यदि रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रीकृत संवर्धक के पौधा किस्म के अभ्यर्पण के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता है तो, वह आदेश द्वारा रजिस्ट्रीकृत संवर्धक को रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को वापस करने का निदेश दे सकेगा और ऐसे प्रमाणपत्र के प्राप्त होने पर, रजिस्ट्रार आदेश द्वारा अभ्यर्पण को राजपत्र में प्रकाशित करेगा ।

52. धारा 34 के अधीन किसी संवर्धक को अनुदत्त संरक्षण के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन -

कोई व्यक्ति किसी किस्म की बाबत अनुदत्त संरक्षण के प्रतिसंहरण के लिए प्राधिकरण को पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी 15 में धारा 34 के खण्ड (क) से (छ) के अधीन अधिकथित किन्हीं आधारों पर आवेदन कर सकेगा ।

53. नियम 52 के अधीन प्रतिहरण के लिए आवेदन के संबंध में प्रक्रिया—

(1) प्राधिकरण, नियम 52 के अधीन उसके दाख प्राप्त किसी आवेदन के रजिस्ट्रीकृत संवर्धक तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-8 में नोटिस जारी करेगा।

(2)(क) उस दशा में जहाँ रजिस्ट्रीकृत संवर्धक संरक्षण के प्रतिसंहरण के लिए विरोध करने का आशय रखता है, वह ऐसे नोटिस की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर प्राधिकरण की पहली अनुसूची के प्ररूप पी. वी.-16 में विरोध का नोटिस देगा और उसके साथ तथ्यों को देते हुए जिन पर उसका मामला आधारित है और अनुतोष चाहता है, एक लिखित कथन भेजेगा।

(ख) रजिस्ट्रार, उसके द्वारा प्राप्त लिखित कथन सहित आवेदक को विरोध के नोटिस की तामील करेगा ।

(3) यदि आवेदक विरोध का खण्डन करना चाहता है तो वह समुचित कार्यालय में उन आधारों को बताते समय जिन पर विरोध का खण्डन किया जा रहा है, उपनियम (2) के अधीन उसके द्वारा प्राप्त लिखित कथन की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर उत्तर फाइल करेगा या वहां पर छोड़ेगा और विरोधी पक्ष को उसकी एक प्रति का परिदान करेगा ।

(4) (क) आवेदक या कोई व्यक्ति जिसको उपनियम (1) के अधीन कोई नोटिस जारी किया गया है, रजिस्ट्रार को सुनवाई किए जाने का अवसर चाहते हुए पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी 17 में आवेदन करेगा ।

(ख) रजिस्ट्रार, किसी आवेदन की प्राप्ति पर सुनवाई का समय और स्थान नियत कर सकेगा और तद्नुसार पक्षकारों को नोटिस जारी करेगा तथा हितबद्ध पक्षकार अपने मामले के समर्थन में उपसंजात हो सकेंगे और साक्ष्य दे सकेंगे या फाइल कर सकेंगे ।

(ग) रजिस्ट्रार, आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इसे किसी शर्त, संशोधन, उपान्तरण या परिसीमा के अध्यधीन रहते हुए स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार लिखित में पक्षकारों को सूचित करेगा ।

(5) यदि प्राधिकरण, पौधा किस्म के अभ्यर्पण के आवेदन को स्वीकार कर लेता है तो वह आदेश द्वारा रजिस्ट्रीकृत संवर्धक को रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को वापस करने का निदेश दे सकेगा और ऐसे प्रमाणपत्र के प्राप्त होने पर, रजिस्ट्रार आदेश द्वारा अभ्यर्पण को राजपत्र में प्रकाशित करेगा ।

54. धारा 35 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रतिधारण करने के लिए वार्षिक फीस का संदाय -

रजिस्ट्रीकृत संवर्धक, अभिकर्ता और अनुज्ञप्तिधारक, रजिस्ट्रीकरण प्रतिधारण के लिए किसी वार्षिक फीस का ऐसी दर पर जो इस प्रयोजन के लिए दूसरी अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट है, संदाय करेगा ।

55. धारा 36 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के रद्दकरण या उसको परिवर्तित करने के लिए आवेदन-

(1) कोई व्यक्ति धारा 36 की उपधारा (1) के अधीन अधिकथित आधारों पर रजिस्ट्रार को रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को परिवर्तित करने के लिए कोई आवेदन कर सकेगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-18 में किया जाएगा और उसके साथ उन आधारों का भी कथन भी लगा होगा, जिन पर यह आवेदन किया गया है ।

56. धारा 36 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के रद्दकरण या उसको परिवर्तित करने के लिए आवेदन किए जाने पर प्रक्रिया-

रजिस्ट्रार आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इसे ऐसी किसी शर्त, संशोधन, उपांतरण या परिसीमा के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह अधिरोपित करना ठीक समझे, स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार संबद्ध पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा:

परन्तु कोई आवेदन तब तक नामंजूर नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को इस प्रकार नामंजूर किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन करने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो ।

57. धारा 36 के अधीन रजिस्टर में शुद्धि करने के लिए आवेदन-

कोई व्यक्ति रजिस्ट्रार को, उन आधारों का कथन करते हुए, जिन पर आवेदन किया गया है, प्रविष्टि करने, निकालने या उससे विचलन करने के लिए , धारा 36 की उपधारा (2) के अधीन अधिकथित आधारों पर पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी- 19 में आवेदन कर सकेगा ।

58. नियम 57 के अधीन रजिस्टर को शुद्ध करने के संबंध में आवेदन की प्रक्रिया-

रजिस्ट्रार प्रविष्टि करने, निकालने या विलोपन करने के लिए आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इस ऐसी किसी शर्त, संशोधन, उपांतरण या परिसीमा, जिसे वह अधिरोपित करना ठीक समझे, के अधीन रहते हुए स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार संबद्ध पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा :

परन्तु कोई आवेदन तब तक नामंजूर नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को इस प्रकार नामंजूर किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन करने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

59. धारा 36 के अधीन रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्रीकरण को रद्द करना या उसे परिवर्तित करना या रजिस्टर में शुद्धि करना-

(1) रजिस्ट्रार धारा 36 की उपधारा (4) के अधीन रजिस्ट्रीकरण को रद्द करने के लिए दी गई शक्तियों का प्रयोग करते समय रजिस्ट्रीकरण में परिवर्तन कर सकेगा या रजिस्टर में शुद्धि करने की दशा में रजिस्ट्रीकृत संवर्धक, अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी को, यदि कोई हो और ऐसे किसी अन्य व्यक्ति को, जो रजिस्ट्रार को पौधा किस्म में दिलचस्पी लेने वाला प्रतीत होता है, तीसरी अनुसूची के **प्ररूप ओ-9** में सूचना देगा और उन आधारों का कथन करेगा जिन पर रजिस्ट्रार का कोई कार्रवाई करने का आशय है ।

(2) यदि ऐसा कोई व्यक्ति, जिसको उपनियम (1) के अधीन सूचना दी गई है, रजिस्ट्रार की कार्रवाई का विरोध करने का आशय रखता है, वह ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर रजिस्ट्रार को **पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी- 20** में विरोध की सूचना देगा और उसके साथ उन तथ्यों को देते हुए, जिन पर उसका यह मामला आधारित है और मांगे गए अनुतोष सहित एक लिखित कथन भेजेगा ।

(3) रजिस्ट्रार ऐसे व्यक्ति की, जिसको उपनियम (1) के अधीन सूचना दी गई है, सुनवाई किए जाने के पश्चात् ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे और तद्नुसार पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा ।

60. धारा 37 के अधीन रजिस्ट्रीकृत संवर्धक द्वारा रजिस्टर में सुधार करने के लिए आवेदन-

पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकृत संवर्धक द्वारा रजिस्टर में सुधार करने के लिए कोई आवेदन रजिस्ट्रार को धारा 37 की उपधारा (1) के अधीन, उस धारा की उपधारा (1) के

खंड (क) से (ग) में अधिकथित कोई परिवर्तन करने के लिए **पहली अनुसूची के प्ररूप** पीवी- 21 में किया जा सकेगा ।

61. नियम 60 के अधीन रजिस्टर में सुधार करने के लिए आवेदन के संबंध में प्रक्रिया-

रजिस्ट्रार नियम 60 के अधीन रजिस्टर में सुधार करने के लिए किए गए आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इसे किसी ऐसी शर्त, संशोधन, उपांतरण या परिसीमा, जिसे वह ठीक समझे, के अध्यधीन रहते हुए स्वीकार कर सकेगा, और तद्नुसार पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा।

62. धारा 37 के अधीन रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा रजिस्टर में सुधार करने के लिए आवेदन-

रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा धारा 37 की उपधारा (2) के अधीन रजिस्ट्रर में सुधार करने के लिए कोई आवेदन रजिस्ट्रार को उस धारा की उपधारा (2) में अधिकथित आधारों पर **पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-22** में भी किया जा सकेगा ।

63. नियम 62 के अधीन रजिस्टर में सुधार करने के लिए आवेदन के संबंध में प्रक्रिया-

(1) रजिस्ट्रार नियम 62 के अधीन प्रत्येक आवेदन की सूचना रजिस्ट्रीकृत संवर्धक को तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-10 में जारी करेगा :

(2) रजिस्ट्रार आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा या इसे किसी ऐसी शर्त, संशोधन, उपांतरण या परिसीमा के अध्यधीन रहते हुए, जिसे वह ठीक समझे, स्वीकार कर सकेगा और तद्नुसार पक्षकारों को लिखित में सूचित करेगा, परन्तु धारा 23 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट परीक्षण, प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय सरकार के परामर्श से किए जाएंगे ।

परन्तु कोई आवेदन तब तक नामंजूर नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को इस प्रकार नामंजूर किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन करने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

64. धारा 38 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किस्म के अभिधान का परिवर्तन-

(1) संवर्धक द्वारा धारा 38 की उपधारा(1) के अधीन किसी रजिस्ट्रीकृत किस्म के अभिधान के किसी भाग का लोप करने या जोड़ने या उसमें परिवर्तन करने के

संबंध में कोई आवेदन रजिस्ट्रार को पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी- 23 में किया जाएगा ।

(2) रजिस्ट्रार यह अवधारण कर सकेगा कि क्या और किन शर्तों के अध्यधीन, यदि कोई हो, संशोधन अनुज्ञात किया जाएगा ।

(3) (क) रजिस्ट्रार अभिधान में परिवर्तन के लिए आवेदन राजपत्र या जर्नल या किसी दैनिक समाचार पत्र में, विज्ञापित करेगा और उसमें अभिधान में प्रस्तावित परिवर्तन की प्रकृति को भी विज्ञापित करेगा ।

(ख) रजिस्ट्रार ऐसे सभी व्यक्तियों को सूचना जारी करेगा जो उसकी राय में इस विषय में हितबद्ध हो सकते हैं ।

65. नियम 64 के अधीन अभिधान के परिवर्तन के लिए आवेदन के संबंध में प्रक्रिया -

(1) कोई हितबद्ध व्यक्ति, धारा 38 की उपधारा (2) के अधीन किसी रजिस्ट्रीकृत किस्म के अभिधान में परिवर्तन के लिए किसी आवेदन के विज्ञापन के तारीख से तीन मास के भीतर पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-24 में रजिस्ट्रीकृत किस्म के परिवर्तन का विरोध करने की सूचना दे सकेगा ।

(2) रजिस्ट्रार, अभिधान में प्रस्तावित परिवर्तन के संबंध में प्राप्त विरोध के बारे में संवर्धक को सूचना की तामील करेगा और दोनों पक्षकारों को, यदि वांछित हो, मामले का विनिश्चिय करने से पूर्व सुनवाई का अवसर देगा ।

(3) अभिधान में परिवर्तन के लिए मंजूरी अनुदत्त किए जाने के संबंध में, इस प्रकार परिवर्तित अभिधान को राजपत्र या जर्नल या किसी दैनिक समाचारपत्र में तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-11 में विज्ञापित किया जाएगा ।

IndiaCode

अध्याय - VI

कृषकों के अधिकार

66. धारा 39 के अधीन प्रतिकर के लिए दावा -

(1) कोई भी कृषक, कृषकों का समूह या कृषकों का संगठन धारा 39 की उपधारा (2) के अधीन प्रतिकर का दावा करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन कर सकेंगे ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन **पहली अनुसूची** के **प्ररूप पीवी-25** में होगा ।

67. नियम 66 के अधीन प्रतिकर के लिए दावे के आवेदन के संबंध में प्रक्रिया -

(1) प्राधिकरण, रजिस्ट्रीकृत संवर्धक को रजिस्ट्रीकृत किस्म के संबंध में प्राप्त प्रतिकर दावे के बारे में सूचना देगा ।

(2) रजिस्ट्रीकृत संवर्धक, उपनियम (1) के अधीन प्राधिकरण से सूचना प्राप्त करने के पश्चात, ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन मास के भीतर **पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-26** में विरोध का सूचना फाइल कर सकेगा ।

(3) प्रतिकर के लिए सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर, संवर्धक के अपना विरोध प्रस्तुत करने में असफल रहने या व्यतिक्रम किए जाने की दशा में यह अवधारणा की जाएगी कि उसका ऐसे दावे के बारे में कोई विरोध नहीं है और तदनुसार ऐसे दावे का विनिश्चय किया जाएगा ।

(4) प्राधिकरण, संवर्धक से विरोध प्राप्त होने पर दोनों पक्षकारों को सुने जाने का अवसर देगा और संवर्धक को, यथास्थिति , कृषक, कृषकों के समूह या कृषकों के संगठन को ऐसा प्रतिकर संदाय करने का, जैसा वह ठीक समझे, निदेश दे सकेगा ।

3. धारा 41 के अधीन सूचना जारी करना -

(1) प्राधिकरण, धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित केन्द्र से, किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह या सरकारी या गैर सरकारी संगठन द्वारा किसी ग्राम या स्थानीय समुदाय द्वारा नई किस्म के विकास में उनके सहयोग हेतु प्रतिकर फाइल किए गए दावों

के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त होने पर और यदि समाधान हो जाता है तो वह रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता को **तीसरी अनुसूची के प्ररूप ओ-12** में सूचना जारी कर सकेगा ।

(2) रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या उसके समनुदेशिती या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता प्राधिकरण से सूचना प्राप्त होने पर तीन मास के भीतर **पहली अनुसूची के प्ररूप पीवी-27** में दावे के संबंध में आक्षेप फाइल कर सकेगा ।

(3) प्राधिकरण, रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या उसके समनुदेशिती या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता से आक्षेप प्राप्त होने पर, दोनों पक्षकारों को सुनवाई के अवसर देगा और प्रतिकर की पात्रता और उसकी मात्रा के संबंध में विनिश्चय करने के पश्चात संवर्धक को ऐसे व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह या सरकारी या गैर सरकारी संगठन को, जिसने धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन दावा किया है, संदाय करने का और दो मास की अवधि के भीतर अपेक्षित निधियों को आनुवंषिक निधि में निक्षेप करने कि निदेश देगा ।

69. **धारा 45 के अधीन फायदाप्रद प्रभाजन को प्राप्त करने की रीति -**

किसी किस्म या आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म का संवर्धक धारा 26 की उपधारा (6) के अधीन यथाअपेक्षित फायदाप्रद प्रभाजन की रकम का आनुवंषिक निधि में निक्षेप करेगा ।

70. **धारा 45 के अधीन आनुवंषिक निधि के लिए आवेदन करने की रीति -**

(1) प्राधिकरण, नई और आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्म के क्रम विकास के संबंध में आनुवंषिकी सामग्री के उपयोग के लिए अपेक्षित फायदाप्रद प्रभाजन, प्रतिकर की रकम का संदाय, आनुवंशिकी संसाधनों के संरक्षण और उनके संपोषित उपयोग के लिए व्यय को पूरा करने और फायदाप्रद प्रभाजन से संबंधित स्कीमों की विरचना करने के लिए करेगा ।

(2) निम्नलिखित प्रयोजनों को पूरा करने के लिए आनुवंषिकी निधि का उपयोग नीचे दी गई पूर्विकता के अनुसार किया जाएगा -

(क) कृषकों, कृषकों के समुदाय, विशिष्टतया ऐसे जनजातीय और ग्रामीण समुदायों को जो विशिष्टतया एग्रो-बायोडाइवर्सिटी हाट स्पाट्स के रूप में पहचान किए गए क्षेत्रों में आर्थिक पौधों और उनकी संबंधित वन्य किस्मों के संरक्षण, सुधार और उनके आनुवंषिक संसाधनों के संरक्षण में लगे हैं, सम्थर्न देना और पुरस्कृत करना ;

(ख) स्थानीय निकाय, विशिष्टतया उन क्षेत्रों में जिनकी एग्रो-बायोडाइवर्सिटी हाट स्पाट्स के रूप में पहचान की गई है, के स्तर पर संरक्षण के संबंध में और संरक्षण को समर्थन देने के संबंध में क्षमताओं का समर्थन करना ;

(ग) धारा 26 की उपधारा (5) और धारा 41 की उपधारा (3) के अनुसार फायदाप्रद प्रभाजन और प्रतिकर के संबंध में ; और

(घ) आनुवंषिकी निधि को प्रशासित करने की संव्यवहार लागत ।

अध्याय VII

अनिवार्य अनुज्ञप्ति

71. धारा 47 के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति देना

(1) कोई हितबद्ध व्यक्ति किसी किस्म के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के जारी होने की तारीख से तीन वर्ष की समाप्ति के पश्चात् धारा 47 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकरण को **पहली अनुसूची** के प्ररूप **पी वी - 28** में अनिवार्य अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए **दूसरी अनुसूची** के अधीन विनिर्दिष्ट फीस के साथ आवेदन कर सकेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन-

(क) किस्म या सम्बद्ध किस्मों के किस्म अभिधान, आनुवांशिक और विशिष्ट नाम की विशिष्टियां विनिर्दिष्ट करेगा,

(ख) में समर्थनकारी दस्तावेजों सहित अनिवार्य अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए आधार अन्तर्विष्ट होंगे, और

(ग) निम्नलिखित द्वारा समर्थित होगा-

(i) उस व्यक्ति की, जो अनुरोध कर रहा है, साक्ष्य सहित अर्हता, तकनीकी और वित्तीय क्षमताओं,

IndiaCode

(ii) किस्म के संबंध में अधिकार धारणकर्ता की विशिष्टियां,

(iii) यह लिखित साक्ष्य कि ऐसा अनुरोध करने वाले व्यक्ति ने स्वेच्छिक अनुज्ञप्ति के लिए सभी उपाय कर लिए हैं ।

(3) यदि प्राधिकरण का, उपनियम (1) के अधीन आवेदन पर विचार करने के पश्चात् यह समाधान हो जाता है कि अनिवार्य अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए कोई प्रथमदष्टया मामला नहीं बनता है, तो वह तद्नुसार आवेदक को अधिसूचित करेगा ।

(4) प्राधिकरण, उपनियम (1) के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए किसी आवेदन की प्राप्ति पर, ऐसी किस्म के संवर्धक या उसके समनुदेशिती या रजिस्टीकृत अभिकर्ता को ऐसी सूचना जारी करने की तारीख से एक मास के भीतर उसका विरोध आमंत्रित करते हुए सूचना जारी करेगा ।

(5) रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या उसका समनुदेशिती या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता उपनियम (4) के अधीन सूचना प्राप्त होने पर **पहली अनुसूची के प्ररूप पी वी - 29** में विरोध का सूचना दे सकेगा, जो विरोध के आधार या आधारों की पुष्टि को पुष्ट करने के लिए दस्तावेजी सबूत द्वारा समर्थित होगा ।

(6) यदि प्राधिकरण का, दोनों पक्षकारों को सुनवाई का अवसर दिए जाने के पश्चात् यह समाधान हो जाता है कि अनिवार्य अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने की आवश्यकता है, वह संवर्धक या उसके समनुदेशिती या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता को किस्म की अनुज्ञप्ति स्वामित्व के ऐसे निबंधनों और ऐसी अन्य परिलब्धियों पर जिन्हें वह ठीक समझे, किस्मों की अनुज्ञप्ति देने का आदेश दे सकेगा ।

72. धारा 50 के अधीन सामग्री उपलब्ध कराने की रीति -

प्राधिकरण आनुवांशिक बैंक या किसी अन्य केन्द्र से, जिसके अन्तर्गत ऐसी किस्म का आरंभिक संवर्धक भी है, अनुज्ञप्तिधारी को ऐसी अनिवार्य अनुज्ञप्ति प्रजनन संबंधी सामग्री उपलब्ध कराएगा।

73. धारा 52 के अधीन अनिवार्य अनुज्ञप्ति का प्रतिसंहरण-

(1) (क) ऐसा कोई व्यक्ति, जो अनिवार्य अनुज्ञप्ति से व्यथित है, धारा 47 की उपधारा (1) या धारा 52 में विनिर्दिष्ट आधारों में से किसी पर धारा 52 की उपधारा (1) के अधीन

अनिवार्य अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण के लिए प्राधिकरण को **पहली अनुसूची के प्ररूप पी वी - 30** में आवेदन कर सकेगा ।

(ख) उपनियम (1) के अधीन आवेदन साक्ष्य द्वारा समर्थित होगा ।

(2) प्राधिकरण स्वयं के सूचना पर या उपनियम (1) के अधीन व्यथित व्यक्ति से आवेदन की प्राप्ति पर अनुज्ञप्तिधारी को सूचना दे सकेगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी प्राधिकरण को उपनियम (1) के अधीन किसी आवेदन या उपनियम (2) के अधीन किसी कार्यवाही का विरोध **पहली अनुसूची के प्ररूप पी वी - 31** में फाइल कर सकेगा ।

(4) प्राधिकरण उपनियम (3) के अधीन फाइल किए गए विरोध पर विचार करने के पश्चात् और अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का अवसर दिए जाने के पश्चात् प्रतिसंहरण का आदेश पारित कर सकेगा या ऐसा आदेश देने से इंकार कर सकेगा ।

अध्याय VIII

वित्त, लेखा और लेखापरीक्षा

74. धारा 63 के अधीन अध्यक्ष की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां-

(1) अध्यक्ष, प्राधिकरण के कृत्यों पर ऐसी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा, जो भारत सरकार के लेखा और वित्तीय नियमों के अनुसार साधारण वित्तीय नियमों के अधीन विभागाध्यक्ष द्वारा प्रयोक्तव्य हैं ।

(2) अध्यक्ष, किसी सदस्य या प्राधिकरण के किसी ऐसे अधीनस्थ अधिकारी को, जो रजिस्ट्रार या समतुल्य पंक्ति से नीचे का नहीं है, इस शर्त के अधीन रहते हुए ऐसी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां लिखित में प्रत्यायोजित कर सकेगा, जिन्हें वह ठीक समझे कि इस प्रकार प्राधिकृत ऐसा सदस्य या अधिकारी प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते समय अध्यक्ष के निदेशाधीन, नियंत्रणाधीन और पर्यवेक्षणाधीन बना रहेगा ।

अध्याय IX

प्रकीर्ण

75. धारा 81 के अधीन रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी को प्राधिकृत करने की रीति

(1) अधिनियम के अधीन किसी किस्म या उसकी प्रजनक सामग्री या आवश्यक रूप से

व्युत्पन्न किस्म या उसकी प्रजनक सामग्री का रजिस्ट्रीकृत कोई स्वार्धक उसकी ओर से किसी विधि न्यायालय में कोई कार्रवाई संस्थित करने के लिए किसी रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी या समनुदेशिती को प्राधिकृत करने के लिए **पहली अनुसूची** के **प्ररूप पी वी - 32** में आवेदन करेगा ।

(2) जहाँ उपनियम (1) के अधीन कोई प्राधिकार दिया गया है, इस अधिनियम या इन नियमों के अधीन किसी कार्रवाई या मामले से संबंधित किसी दस्तावेज की तामील अभिकर्ता पर उसे प्राधिकृत करने वाले व्यक्ति पर तामील की गई समझी जाएगी और किसी कार्रवाई या मामले के संबंध में किए जाने के लिए निदेशित सभी संसूचनाएं ऐसे अभिकर्ता को संबोधित की जाएंगी और अभिकर्ता उनके संबंध में प्राधिकरण के समक्ष उपसंजात हो सकेगा ।

(3) प्राधिकरण, उपनियम (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, यदि आवश्यक समझे तो ऐसी कार्रवाई या मामले के किसी आवेदक, विरोधकर्ता या पक्षकार के हस्ताक्षर या उसकी उपस्थिति की अपेक्षा कर सकेगा ।

76. धारा 84 के अधीन सत्यापित प्रति जारी करने की रीति -

कोई हितबद्ध व्यक्ति धारा 84 के अधीन, **दूसरी अनुसूची** में विनिर्दिष्ट फीस के साथ **पहली** अनुसूची के **प्ररूप पी वी - 33** में प्राधिकरण या रजिस्ट्रार को रजिस्टर में किसी प्रविष्टि, प्रमाणपत्रों या पौधा किस्म आवेदन को उद्धरणों या प्राधिकरण द्वारा रखे जाने वाले अन्य अभिलेखों और इस अधिनियम के अधीन किसी ऐसी कार्रवाई में अपेक्षित किसी दस्तावेज की प्रमाणित प्रतियां अभिप्राप्त करने के लिए, जो ऐसे प्राधिकरण या रजिस्ट्रार के समक्ष लंबित हैं, आवेदन कर सकेगा और उसी रीति में और उसी प्रयोजन के लिए ऐसी प्रविष्टि या दस्तावेज के लिए भी अनुरोध कर सकेगा ।

पहली अनुसूची

(नियम 3 (1))

प्ररूप

प्ररूप	धारा और नियम	शीर्षक
(1)	(2)	(3)
पी वी 1	धारा 16 (1) (ड) और नियम 25	प्राधिकार के लिए आवेदन
पी वी 2	धारा 18 (3) और नियम 27 (2)	आवेदन फाइल करने के अधिकार का सबूत

(1)	(2)	(3)
पी वी 3	धारा 21 (2) और नियम 31	विरोध की सूचना
पी वी 4	धारा 21 (4) और नियम 31 (5)	प्रति- कथन
पी वी 5	धारा 21 और नियम 33	समय विस्तार के लिए अनुरोध
पी वी 6	धारा 24 (6) और नियम 39	रजिस्ट्रीकरण का नवीकरण
पी वी 7	धारा 26 (2) और नियम 41	फायदा शेयर करने के लिए आवेदन
पी वी 8	धारा 26 (3) और नियम 42	विरोध की सूचना
पी वी 9	धारा 28 (4) और नियम 45	अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण
पी वी 10	धारा 28 (9) और नियम 48	रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/के रद्दकरण के लिए आवेदन
पी वी 11	धारा 28 (10) और नियम 49	रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/के रद्दकरण के विरोध की सूचना
पी वी 12	धारा 33 (1) और नियम 50	पौध किस्मों के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र के अभ्यर्पण के लिए आवेदन
पी वी 13	धारा 33 (3) और नियम 51 (2)	प्रमाण पत्र के अभ्यर्पण करने के प्रस्ताव के लिए विरोध की सूचना
पी वी 14	धारा 33 (4) और नियम 51 (4)	सुनवाई में भाग लेने के आशय की सूचना
पी वी 15	धारा 34 और नियम 52	रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र को प्रतिसंहरण करने के लिए आवेदन
पी वी 16	धारा 34 और नियम 53	रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र के प्रतिसंहरण करने के लिए आवेदन के लिए विरोध की सूचना
पी वी 17	धारा 34 और नियम 53 (4)	सुने जाने के अवसर के लिए आवेदन
पी वी 18	धारा 36 (1) और नियम 55	पौध किस्म के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र के रद्दकरण या परिवर्तन के लिए आवेदन ।
पी वी 19	धारा 36 (2) और नियम 57	राष्ट्रीय पौधा किस्म रजिस्टर में संशोधन के लिए आवेदन
पी वी 20	धारा 36 (4) और नियम 59	राष्ट्रीय पौधा किस्म रजिस्टर में संशोधन के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 21	धारा 37(1) और नियम 60	राष्ट्रीय पौधा किस्म रजिस्टर में स्वामी/संवर्धक द्वारा शुद्धि के लिए आवेदन
पी वी 22	धारा 37 (2) और नियम 62	राष्ट्रीय पौधा किस्म रजिस्टर में शुद्धि के लिए रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आवेदन

IndiaCode

(1)	(2)	(3)
पी वी 23	धारा 38 (1) और नियम 64	रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के अभिधान में परिवर्तन के लिए आवेदन
पी वी 24	धारा 38 (2) और नियम 65	रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के अभिधान में परिवर्तन के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 25	धारा 39 (2) और नियम 66	प्रतिकर के लिए आवेदन
पी वी 26	धारा 39 (2) और नियम 67 (2)	प्रतिकर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 27	धारा 41 (3) और नियम 68	प्रतिकर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 28	धारा 47 (1) और नियम 71(1)	अनिवार्य अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन
पी वी 29	धारा 47 (3) और नियम 71 (5)	अनिवार्य अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 30	धारा 52(1) और नियम 73 (1)	अनिवार्य अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन
पी वी 31	धारा 53 और नियम 73 (3)	आवेदन अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन के विरोध की सूचना
पी वी 32	धारा 81 और नियम 75 (1)	वाद संस्थित करने के लिए प्राधिकार का प्ररूप
पी वी 33	धारा 84 और नियम 76	प्रमाणित प्रति के लिए अनुरोध

दूसरी अनुसूची
(नियम 8 देखें)

फीस

क्र०सं०	मामले जिन पर फीस संदेय है	फीस की रकम	प्ररूप संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	किए जाने वाले परीक्षण	परीक्षण की प्रकृति और प्रकार पर आधारित अधिकतम 50,000/- रु० प्रति ऐन्ट्री के अध्यधीन	—
2.	विरोध की सूचना	1500/- रु०	पी वी 3
3.	समय विस्तार	1500/- रू० प्रति माह	पी वी 5
4.	आवश्यक रूप से व्युत्पन्न किस्मों के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस	व्यष्टिक- 5000 शैक्षणिक- 7000 वाणिज्यिक- 10000	

(1)	(2)	(3)	(4)
5.	नवीकरण फीस	व्यष्टिक- 5000 शैक्षणिक- 7000 वाणिज्यिक- 10000 प्रतिवर्ष	पी वी 6
6.	फायदा शेयर के लिए आवेदन	5000 रू०	पी वी 7
7.	अभिकर्ता/अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन	10000 रू०	पी वी 9,
8.	रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/रद्दकरण के लिए आवेदन	व्यष्टिक- 3000 शैक्षणिकक- 5000 वाणिज्यिक- 7000	पी वी 10
9.	रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/रद्दकरण के लिए आवेदन के विरोध की सूचना	1500/- रू०	पी वी 11

तीसरी अनुसूची

{नियम 2 (ग) देखें}

रजिस्ट्रार और केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रयोग किए जाने वाले प्ररूप

प्ररूप सं	धारा और नियम	शीर्षक
0-1	धारा 21(1) और नियम 30	विज्ञापन का प्ररूप
0-2	धारा 23 (8), 24(2) और नियम 36,37	रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र
0-3	धारा 24(3) और नियम 38	रजिस्ट्रीकरण की अपूर्णता की सूचना
0-4	धारा 26(7) और नियम 44	फायदा शेयर रकम की वसूली के लिए निर्देश
0-5	धारा 28(4) और नियम 47	अभिकर्ता/अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र
0-6	धारा 28(10) और नियम 49	संवर्धक/अभिकर्ता/अनुज्ञप्तिधारी को सूचना
0-7	धारा 33(2) और नियम 51	रजिस्ट्रीकृत किस्म के अभ्यर्पण के प्रस्ताव को अधिसूचित करना
0-8	धारा 34 और नियम 53	रजिस्ट्रीकृत किस्म के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन की सूचना
0-9	धारा 36(4) और नियम 59	राष्ट्रीय रजिस्टर में परिवर्तन
0-10	धारा 37(2) और नियम 63	राष्ट्रीय रजिस्टर में शुद्धि
0-11	धारा 38(2) और नियम 65(3)	अभिधान में परिवर्तन का विज्ञापन
0-12	धारा 41(1) और नियम 68	समुदाय के अधिकारों हेतु प्रतिकर के लिए सूचना

IndiaCode

चौथी अनुसूची
(नियम 20 (1) देखें)

क्र०सं०	पद का नाम	पदों की सं०	केन्द्र में समतुल्य पद	वेतनमान	अर्हताएं और अनुभव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	वित्तीय सलाहकार	1	निदेशक	14,300-18,300	वित्तीय/एकाउन्ट प्रबंधन में कम से कम आठ वर्ष के अनुभव के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से डिग्री ।
2.	विधि सलाहकार	2	अवर सचिव	10,000-15,200	अधिवक्ता जो उसी रूप में कम से कम आठ वर्षों तक विधि व्यवसाय किया हो और बौद्धिक संपदा, प्रबंधन और संव्यवहार में विशेष ज्ञान रखता हो ।
3.	ज्येष्ठ लेखा अधिकारी	1	अवर सचिव	10,000-15,200	लेखा अधिकारी के रूप में कम से कम आठ वर्ष के अनुभव या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में डिग्री या समतुल्य ।
4.	लेखा अधिकारी	1	सहायक निदेशक	8,000-13,500	लेखा से संबंधित मामलों में कम से कम 6 वर्ष के अनुभव के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में वाणिज्य या अर्थशास्त्र में डिग्री ।
5.	तकनीकी सहायक	6	तकनीकी सहायक	5,500-9,000	पौधा किस्म संबंधी और बीज विकास क्रियाकलापों में कम से कम 4 वर्ष के अनुभव के साथ कृषि विज्ञान या सम्बद्ध क्षेत्र जैसे वनस्पति या जैव प्रौद्योगिकी में डिग्री।
6.	कम्प्यूटर सहायक	5		5,500 9,000	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिग्री और डाटा बेस प्रबंधन में कम से कम एक वर्ष का अनुभव ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. 1

(नियम 25 देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

प्राधिकार का प्ररूप

मैं/हम[1]

.....

.....

की बाबत नये किस्म/आवश्यक व्युत्पत्ति किस्म/विद्यमान किस्म को फाइल करने के संबंध में अपनी ओर से[2] कार्य करने के लिए .....को प्राधिकृत करता हूँ/करते हैं, और अनुरोध करता हूँ/करते हैं कि उससे संबंधित सभी सूचनाएं, अध्यपेक्षाएं और पत्र व्यवहार जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, उपरोक्त पते पर ऐसे व्यक्ति(यों) को भेजे जाएं ।

मैं/हम उसी मामले या कार्यवाही के संबंध में सभी पूर्व प्राधिकार, यदि कोई किया गया है, को प्रतिसंहरित करता हूँ/करते है ।

तारीख ..... 200.....

इस प्राधिकार को करने वाले व्यक्ति(यों) का/के हस्ताक्षर और पद और/या कार्यालय मोहर, यदि कोई हो, के साथ नाम ।

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

नोट :-

कोई फीस नहीं :

1. इस प्राधिकरण को करने वाले व्यक्ति(यों) का/के नाम (पूरा नाम), पता/पते और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें।

2. प्राधिकृत व्यक्ति(यों) का/के नाम (पूरा नाम), पता/पते और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

3. पौधा/किस्म और फसल का (सामान्य/वानस्पतिक) नाम ।

2609 GI/2003—4A

IndiaCode

प्ररूप -पी वी 2

(नियम 27(2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

आवेदन करने के अधिकार का सबूत

मैं/हम1.....जो इस आवेदन में संवर्धक या पौधा किस्म अधिकार धारक होने का दावा करने वाले के रूप मे विनिर्दिष्ट हैं, घोषणा करता हूं/करते हैं कि वह/वे आवेदक जिसने/जिन्होंने इस आवेदन पर हस्ताक्षर किया है/किये हैं मेरा/हमारा समनुदेशिकी या उत्तराधिकारी है/हैं ।

मैं/हम नियम 27(2)के अधीन यथा अपेक्षित निम्नलिखित दस्तावेज इसके साथ संलग्न करता हूं/करते हैं :-

1. .....
2. .....
3. .....

मैं/हम घोषणा करता हूँ / करते है कि ऊपर दी गई सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है ।

तारीख.....200

हस्ताक्षर .....

दो साक्षियों के हस्ताक्षर उनके नामों एवं पते सहित.

1.

2.

मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ /करते हैं कि ऊपर दी गई सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है ।

तारीख.....200

हस्ताक्षर.....

टिप्पण: जो लागू न हो उसे काट दें ।

सेवा में

रजिस्ट्रार

पौधा किस्म रजिस्ट्री

.....

---

1. नाम (पूरा नाम), पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।
2. संवर्धक या वास्तविक पौधा किस्म अधिकार धारक (धारकों) द्वारा हस्ताक्षर किए जाएं ।

2609 GI/2003—4B

IndiaCode

प्ररूप - पी वी 3

(नियम-31(1) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001
विरोध की सूचना

मैं/हम1..... तारीख.....को प्रकाशित पौधा किस्म रजिस्ट्रीकरण संख्या..... के रजिस्ट्रीकरण आवेदन का निम्नलिखित कारण(णों) से.....के विरोध करने की सूचना देता हूँ/ देते है :-

1. .....
2. .....
3. .....

तारीख.....200

(हस्ताक्षर)3 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

---

1. विरोध की सूचना फाइल करने वाले व्यक्ति(व्यक्तियों) का/के नाम, पता और राष्ट्रीयता
2. यथा विज्ञापित पंजीकरण संख्या
3. विरोध की सूचना फाइल करने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) का/के हस्ताक्षर

मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि इसमें कथित तथ्य और सामग्री मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी, सूचना और विश्वास के अनुसार सही हैं ।

तारीख 200

IndiaCode

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

जो लागू न हो उसे काट दें ।

---

1. नाम(पूरा नाम), पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

2. आवेदक (आवेदकों) द्वारा हस्ताक्षर किए जाएं ।

प्ररूप - पी.वी. 4
(नियम 31 (5) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

प्रति-वक्तव्य का फार्म

..... को प्रकाशित, रजिस्ट्रीकरण संख्या ..... वाले पौध किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन संख्या ..... के विरोध के मामले में

मै/हम1 ..... उपर्युक्त पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक हूँ/हैं सूचना देता हूँ/देते हैं कि वे आधार निम्नलिखित हैं जिनपर मैं/हम मेरे/हमारे प्रति-कथन पर विश्वास करता हूँ/करते हैं :-

1.....

2.....

3.....

मैं/हम विरोध की सूचना में निम्नलिखित दावों/अभिकथनों/प्रतिविरोधों से सहमत/असहमत हूँ/हैं .....

IndiaCode

इन कार्यवाहियों के संबंध में सभी पत्र-व्यवहार भारत में2 निम्न पते पर किया जाए ।

.....

तारीख..... 200

हस्ताक्षर3 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौध किस्म रजिस्ट्री
.....

कोई फीस नहीं :

1. यह प्राधिकार देने के लिए व्यक्ति (व्यक्तियों) का नाम (पूरा नाम), पता (पते) तथा राष्ट्रीयता कर उल्लेख करें ।

2. प्राधिकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) का नाम (पूरा नाम), पता (पते) तथा राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

3. आवेदक अथवा उसके अभिकर्ता या समनुदेशिती के हस्ताक्षर ।

प्ररूप - पी.वी. 5
(नियम 33 (6) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

समय के विस्तार के लिए अनुरोध

मैं/हम1 ..... नियम 33 के अधीन विरोध/साक्ष्य/प्रतिकथन की सूचना फाइल करने के लिए ..... महीने तक समय का विस्तार करने के लिए अनुरोध करता हूँ/करते हैं ।

आवेदन सं. ..... के सम्बन्ध में ।

IndiaCode

यह आवेदन करने के लिए निम्नलिखित कारण है/हैं :-

1.....

2.....

भारत मे तामील के लिए मेरा पता निम्नवत है :-

तारीख 200

हस्ताक्षर2 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

---

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम), पता तथा राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

2. आवेदक (आवेदकों) द्वारा हस्ताक्षर किए जाएं ।

प्ररूप - पी.वी. 6

(नियम 39 (1) (ख) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

पौधा किस्मों के रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन

मैं/हम1 ..... पौधा किस्म2 ..... के संबंध में, ...जिसका अभिधान ..... है , पौधा किस्म रजिस्ट्रीकरण सं. ..... तारीख .... के नवीकरण के लिए आवेदन करता हूँ/करते हैं ।

IndiaCode

रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण की सूचना, भारत में निम्नलिखित पते पर भेजी जाए :-

.....

तारीख 200

हस्ताक्षर3 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

---

1. आवेदक (आवेदकों) का पूरा नाम, उप नाम सहित तथा पता भरें ।

2. रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म का नाम ।

3. आवेदक (आवेदकों) के हस्ताक्षर ।

प्ररूप - पी.वी. 7

(नियम 41 (1) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

फायदा शेयर करने के लिए आवेदन

मैं/हम1 ..... आवेदन करता हूँ/करते हैं कि मेरा/हमारा नाम पौधा किस्म, रजिस्ट्रीकरण सं. ..... के संबंध में फायदा शेयर करने के लिए हकदार व्यक्ति (व्यक्तियों) के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाए ।

फायदा शेयर करने के लिए हकदार होने के लिए मेरे/हमारे आधार नीचे दिए गए हैं :-

1.

2.

IndiaCode

उस पौधा किस्मों के ब्यौरे जिसकी बाबत मैं/हम फायदा शेयर करने का दावा कर रहा हूँ/रहे हैं, निम्नवत है :-

पौधा किस्म, ... जिसकी रजिस्ट्रीकरण संख्या है .....

फायदा शेयर की मेरी/हमारी हकदारी के सबूत में मैं/हम संलग्न दस्तावेज ..... उनकी एक प्रमाणित प्रति के साथ प्रेषित करता हूँ/करते हैं ।

भारत में तामील के लिए मेरा/हमारा पता4

.....

तारीख ..... 200.....

हस्ताक्षर5 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
.....

---

1. पूरा नाम और पता जैसा कि रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन में दर्शाया गया है, लिखें ।

2. पौधा किस्म और फसल का नाम (सामान्य/बनस्पति) ।

3 ऐसे दस्तावेजों की विशिष्टियाँ, उसकी तारीख, और उसके पक्षकारों को बताते हुए विनिर्दिष्ट करे, कि दावे को किस तरह अनुसमर्थित किया गया है ।

4. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय का स्थान नाम बताएं ।

5. आवेदक या उसके अभिकर्ता या समनुदेशिती के हस्ताक्षर ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. 8

(नियम 42 (4) (ख) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

फायदा शेयर करने के लिए आवेदन के विरोध की सूचना

मैं/हम[1] ..... रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म रजिस्ट्रीकरण सं. .... तारीख ..... के संबंध में ..... के द्वारा/की ओर से[2] दिए गए फायदा शेयर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

जिस आधार पर फायदा शेयर करने के उक्त आवेदन का विरोध किया गया है वे निम्नवत है :-

1.

2.

3.

.....

मेरे/हमारे विरोध के समर्थन में, मैं/हम निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न करता हूँ/ करते हैं :-

1.

2.

3.

भारत में मेरा/हमारा तामील का पता .....

तारीख ..... 200 .....

हस्ताक्षर[3] .....

IndiaCode

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
स्थान .....

जो लागू न हो उसे काट दें ।

---

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम), पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

2. फायदा शेयर आवेदन फाइल करने वाले व्यक्ति/(व्यक्तियों) का/के नाम

3. आवेदक (आवेदकों) द्वारा हस्ताक्षर किया जाए ।

प्ररूप - पी.वी. 9
(नियम 45 (1) (ख) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

अभिकर्ता या अनुज्ञप्ति धारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन

मैं/हम1 ..... पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 28 की उपधारा (4) के अधीन अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करता हूँ/करते हैं ।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैं/हम ..... पौधा किस्म2 रजिस्ट्रीकरण सं. ..... के संबंध में प्राधिकृत अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी हूँ/हैं और यह कि मैं/हम पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 53) की धारा 28 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन अभिकर्ता या अनुज्ञप्तिधारी के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए पूर्णतः पात्र हूँ/हैं । मेरी/हमारी विशिष्टियाँ नीचे दी गई है :-

1. उप नाम सहित पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) .....
2. निवास स्थान का पता .....

3. पिता का नाम .....
4. राष्ट्रीयता .....
5. जन्म स्थान और तारीख .....
6. पूरा व्यवसायिक विवरण .....
7. कारोबार का प्रमुख स्थान .....
8. शाखा कार्यालय का पता, यदि कोई है .....
9. संलग्न दस्तावेज3

1.

2.

मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करते हैं कि उपर्युक्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है ।

तारीख 200

हस्ताक्षर6 .....

सेवा में
रजिस्ट्रार
पौधा किस्म रजिस्ट्री
स्थान .....

---

1. उन व्यक्तियों के पूरे नाम, पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें जो फायदा शेयर करने के लिए हकदार हैं ।

2. उन पौधा किस्म (किस्मों) जिनके संबंध में फायदा शेयर करने का दावा किया गया है, के अभिधान, किस्म, रजिस्ट्रीकरण संख्या और अन्य ब्यौरे ।

3. दस्तावेजों की तारीख और उनके पक्षकारों तथा किया गया दावा कैसे सिद्ध होता है यह दर्शाते हुए ऐसे दस्तावेजों की विशिष्टियाँ दें ।

4. उस व्यक्ति का जिसने फायदा शेयर करने के लिए दावा किया है/कर रहा है, पूरा पता ।

5. आवेदक या प्राधिकृत अनुज्ञप्तिधारी या अभिकर्ता या विधिक अधिकारी या समनुदेशिकी द्वारा हस्ताक्षर किया जाए ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. 10

(नियम 48 देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/के रद्दकरण के लिए आवेदन

मैं/हम1 .....घोषणा करता हूँ/करते हैं :-

1. कि मैं/हम ..... पौधा किस्म, रजिस्ट्रीकरण सं. ..... के रजिस्ट्रीकृत संवर्धक/अनुज्ञप्तिधारी/अभिकर्ता हूँ/हैं ।

2. कि रजिस्ट्रार के तारीख ..... के आदेश द्वारा पौधा किस्म का रजिस्ट्रीकरण किया गया था।

3. रजिस्ट्रीकरण की शर्तों में फेरफार/रद्दकरण के लिए आधार निम्नवत् है :-

(क) .....

(ख) .....

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि रजिस्ट्री प्रमाणपत्र के निबन्धनों और शर्तों को निम्नवत् रद्द/पुनरीक्षित किया जाए ।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि इसमें कथित तथ्य और सामग्री मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी, सूचना और विश्वास के अनुसार सही है ।

तारीख ..... 200 .....

हस्ताक्षर2 .....

टिप्पण: जो लागू न हो उसे काट दें ।

सेवा में

रजिस्ट्रार

पौधा किस्म रजिस्ट्री

.....

---

1. नाम (परा नाम), पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।
2. संवर्धक या वास्तविक पौधा किस्म अधिकार धारक (धारकों) द्वारा हस्ताक्षर किए जाएं ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.बी. 11

(नियम 49 देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

रजिस्ट्रीकरण में फेरफार या रद्दकरण के आवेदन के विरोध की सूचना

मैं/हम1 ..... के प्रदर्शन करने पर ..... पौधा किस्म ..... जिसका अभिधान ..... है तारीख ..... के पौधा किस्म रजिस्ट्रीकरण सं. .....तारीख की शर्तों में फेरफार/के रद्दकरण के लिए आवेदन के विरोध की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

जिस आधार पर उक्त का विरोध किया गया है, निम्नवत है :-

1.....

2.....

3.....

भारत में मेरा/हमारा तामीली का पता .....

तारीख ..... 200 (.....

हस्ताक्षर2 .....

सेवा में

रजिस्ट्रार

पौधा किस्म रजिस्ट्री

स्थान .....

IndiaCode

प्ररूप - पी.बी. - 12
[नियम 50 देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकृत प्रजनक द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के अभ्यर्पण के प्रस्ताव के लिए आवेदन

..... फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में, जो ..... के नाम में रजिस्ट्रीकरण सं०..... पर रजिस्ट्रीकृत है, आवेदन किया जाता है कि उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के रजिस्ट्री स्वत्वधारी (धारियों) या उत्तराधिकारी[5] होने के नाते मैं/हम .....[1] उन परिस्थितियों में रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र अभ्यर्पित करने का प्रस्ताव करते हैं जो संलग्न कथन में पूर्णतया कथित हैं ।

इस आवेदन से संबंधित सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते पर किया जाए ।
.....[2]

तारीख .....वर्ष 200 .....

.....[3]

सेवा में,

रजिस्ट्रार,

.....[4] स्थित पौधा किस्म रजिस्ट्री,

1. आवेदन करने वाले व्यक्ति का/के नाम भरें ।
2. आवेदन करने वाले व्यक्ति का पता ।
3. आवेदक या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।
4. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।
5. जो आवश्यक न हो, काट दें ।

IndiaCode

प्ररूप - पी बी - 13

(नियम 51 (2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के अभ्यर्पण के प्रस्ताव के विरोध की सूचना

----------फसल की ---------- पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र के अभ्यर्पण के प्रस्ताव के आवेदन के मामले में, जिसकी रजिस्ट्रीकृत सं० ---------- है, मैं/हम ---------- जो रजिस्ट्रीकृत अभिकर्त्ता अथवा अनुज्ञप्तिधारी[7] है/हैं, उस रजिस्ट्रीकरण के अभ्यर्पण का विरोध करने के अपने आशय की सूचना देता हूँ/देते है, जिसके पौधा किस्म के रजिस्ट्रार द्वारा भेजी गयी सूचना मुझे तारीख ---------- 20 ---------- को प्राप्त हुई ।

विरोध के तथ्य और आधार उल्लिखित करने वाला लिखित कथन निम्नवत है:-

3----------

इन कार्यवाहियों के संबंध में सभी पत्र-व्यवहार भारत में निम्नलिखित पते पर किया जाए ।

4 ----------

तारीख ---------- 20 ----------

5 ----------

सेवा में

पौधा किस्म के रजिस्ट्रार,

----------6 स्थित पौधा किस्म रजिस्ट्रीकृत का कार्यालय,

1. पौधा किस्म के अभ्यर्पण के लिए आवेदन करने वाले पौधा किस्म के प्रजनक अथवा उत्तराधिकारी का नाम ।
2. यह आवेदन करने वाले विरोधी का नाम ।
3. लिखित कथन, जिसमें विरोधी के हित की प्रवृति निर्धारित है, तथ्य जिन पर वह अपना मामला आधारित करता है, और राहत जिसकी वह मांग करता है । विरोधी अपने विश्वास के के अनुसार कोई भी ऐसा दस्तावेज विरोध की सूचना से उपाबंध के रूप में दे सकता है ।
4. उसके कारबार या आवास के मुख्य स्थान का नाम व पता ।
5. विरोध के लिए यह आवेदन करने वाले व्यक्ति या उसके अभिकर्त्ता के हस्ताक्षर ।
6. पौधा किस्म रजिस्ट्रीकृत के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।
7. जो आवश्यक न हो, काट दें ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.डी. - 14

[नियम 51 (4) देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

सुनवाई में उपस्थित होने के आशय की सूचना

धारा[1] ..... के अधीन तारीख ..... 200..... को किए गए आवेदन के मामले में मैं/हम[2]..... जो आवेदक या विरोधी[6] हैं, रजिस्ट्रार को आवेदन करते हैं कि उपरोक्त मामले के संदर्भ में सुने जाने का एक अवसर प्रदान करें । यह अनुरोध है कि सुनवाई का समय और स्थान कृपया मुझे निम्नलिखित पते पर सूचित किया जाए ।

3.....

तारीख .....200 .....

4
हस्ताक्षर.....

सेवा में,

पौधा किस्म के रजिस्ट्रार,
.....[5] स्थित पौधा किस्म रजिस्ट्री का कार्यालय

1. धारा सं०, प्ररूप संख्या जैसी विशिष्टियां और अभ्यर्पण का आवेदन करने वाले आवेदक का नाम भी भरें ।
2. यह सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम भरें ।
3. यह सूचना देने वाले व्यक्ति का पता ।
4. सूचना देने वाले व्यक्ति या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।
5. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।
6. जो आवश्यक न हो, काट दें ।

IndiaCode

फार्म · पी.वी. 15

(देखें नियम 52)

पौध किस्म तथा कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत पौधा किस्म के पंजीकरण के प्रमाणपत्र प्रतिसंहरण के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन

..... फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में, जिसका पंजीकरण संख्या ..... है, जो ..... के नाम में पंजीकृत है, एतद्द्वारा ..... 1द्वारा, जो पौधा किस्म की उपरोक्त कथित पंजीकृत पौधा किस्म का ..... 2है, आवेदन किया जाता है कि निम्नलिखित में से किसी एक आधार पर और संलग्न विवरण में पूर्णतया उल्लेखित परिस्थितियों मे प्रमाणपत्र का प्रतिसंहरण किया जाए ।

1. यह कि पंजीकरण का प्रमाणपत्र आवेदक द्वारा दी गई गलत सूचना पर आधारित है ।

2. यह कि पंजीकरण का प्रमाणपत्र किसी ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो इस अधिनियम के अन्तर्गत संरक्षण का पात्र नहीं है ।

3 यह कि संवर्धक ने रजिस्ट्रार को वह सूचना, दस्तावेज अथवा सामग्री नहीं दी जैसी कि इस अधिनियम के अधीन पंजीकरण के लिए अपेक्षित है ।

4. यह कि संवर्धक किस्म के वैकल्पिक वर्ग प्रदान करने में असफल रहा जो उस मामले में रजिस्ट्रार के लिए पंजीकरण की विषय-वस्तु है जहां रजिस्ट्रार को प्रदान की गई ऐसी किस्म के पहले के वर्ग इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण के लिए अनुज्ञेय नहीं है ।

5. यह कि संवर्धक ने उस व्यक्ति को आवश्यक बीज अथवा प्रचार-प्रसार सामग्री प्रदान नहीं की जिसे उस किस्म के संबंध में धारा 47 के अन्तर्गत अनिवार्य लाइसेंस जारी किया गया है, जिसके संबंध में ऐसे प्रजनक को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया गया है ।

(6) यह कि संवर्धक ने इस अधिनियम अथवा उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों अथवा विनियमों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

7. यह कि संवर्धक इस अधिनियम के अन्तर्गत जारी प्राधिकरण के निर्देश का अनुपालन करने में असमर्थ रहा है ।

8. यह कि पंजीकरण के प्रमाणपत्र का दिया जाना लोक हित में नहीं है ।

2809 GI/2003—5A

इस आवेदन से संबंधित सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते पर किए जाए ।

3 .....

तारीख ..... 200 .....

हस्ताक्षर4 .....

सेवा में,
रजिस्ट्रार,
..... स्थित5
पौधा किस्म प्राधिकरण/रजिस्ट्री

1. आवेदक का नाम भरें ।

2. रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के साथ आवेदक के संबंध की प्रकृति

3 आवेदक का पता ।

4 आवेदक या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।

5 पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।

IndiaCode

प्ररूप - पी वी - 16

(नियम 53 (2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के प्रतिसंहरण का विरोध करने के लिए विरोध की सूचना

---------- 1 द्वारा रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र के प्रतिसंहरण के आवेदन के मामले में, मैं/हम[2]---------- जो रजिस्ट्रीकृत संवर्धक हूँ/हैं ---------- फसल की --------- पौधा किस्म, जिसका रजिस्ट्रीकरण सं० ---------- है, जिसकी पौधा किस्म के रजिस्ट्रार द्वारा भेजी गयी सूचना मुझे तारीख ---------- 200 ---------- को प्राप्त हुई, के प्रमाण-पत्र के प्रतिसंहरण का विरोध करने के मेरे/हमारे आशय की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

विरोध के तथ्य और आधार उल्लिखित करने वाला लिखित कथन निम्नवत है:-
3----------

इन कार्यवाहियों के संबंध में सभी पत्र-व्यवहार भारत में निम्नलिखित पते पर किया जाए ।
4 ----------

तारीख ---------- 200 ----------

हस्ताक्षर 5 ----------

सेवा में
पौधा किस्म के रजिस्ट्रार,
----------6 स्थित
पौधा किस्म रजिस्ट्री का कार्यालय.

1. पौधा किस्म के प्रतिसंहरण का आवेदन करने वाले व्यक्ति का नाम ।
2. रजिस्ट्रीकृत संवर्धक का नाम ।
3. लिखित कथन, जिसमें विरोधी के हित की किस्म निर्धारित है, तथ्य जिन पर वह अपना मामला आधारित करता है, और राहत जिसकी वह मांग करता है । विरोधी अपने विश्वास के के अनुसार कोई भी ऐसा दस्तावेज विरोध की सूचना के अनुबंध के रूप में दे सकता है ।
4. उसके व्यापार या आवास के मुख्य स्थान का नाम व पता ।
5. विरोध के आवेदन करने वाले व्यक्ति या उसके अभिकर्त्ता के हस्ताक्षर ।
6. पौधा किस्म रजिस्ट्रीकृत के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।

फार्म - पी.वी. 17

(देखें नियम 53 (4))

पौध किस्म तथा कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

सुने जाने के अवसर के लिए आवेदन

धारा 1..... के अन्तर्गत दिनांक ..... दिवस ..... 20 ..... को किए गए आवेदन के मामले में, मैं2 ..... आवेदक अथवा विरोधी6 एतद्द्वारा रजिस्ट्रार को आवेदन करता हूँ कि उपरोक्त मामले के संदर्भ में सुने जाने का एक अवसर प्रदान करे । यह अनुरोध है कि सुनवाई का समय और स्थान मुझे निम्नलिखित पते पर सूचित किया जाए ।

3 .....

दिनांक ..... दिन..... 20 .....

हस्ताक्षर4 .....

सेवा में,

पौधा किस्म के रजिस्ट्रार

.....5 स्थित पौधा किस्म रजिस्ट्री का कार्यालय

1. धारा संख्या, फार्म संख्या और प्रतिसंहरण के लिए आवेदन करने वाले आवेदक के नाम जैसे भी भरे ।
2. इस नोटिस को देने वाले व्यक्ति का नाम ।
3. इस नोटिस को देने वाले व्यक्ति का पता ।
4. नोटिस देने वाले व्यक्ति अथवा उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।
5. पौधा किस्म रजिस्ट्री के उपयुक्त कार्यालय के स्थान का नाम उल्लेखित करें ।
6. जो लागू न हो, काट दें ।

IndiaCode

फार्म - पी.बी. 18

(देखें नियम 55 (2))

पौध किस्म तथा कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

इस अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत पौधा किस्म के पंजीकरण की किन्हीं शर्तों के निरस्तीकरण अथवा परिवर्तन के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन

..... फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में, जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या ..... है, और ..... के नाम में रजिस्ट्रीकृत है, ...1 के द्वारा, जो ऊपर उल्लिखित रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म का रजिस्ट्री प्रजनक या रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी या कोई अन्य व्यक्ति5 है, आवेदन किया जाता है कि निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर और संलग्न विवरण में पूर्णतया उल्लेखित परिस्थितियों में पंजीकरण की शर्तों को निरस्त अथवा परिवर्तित किया जाए ।

1. इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन ।

2. किसी शर्त का अनुपालन करने में असफलता जिसके अधीन पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया गया है ।

इस आवेदन से संबंधित सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते2 पर भेजा जाए ।

दिनांक ..... दिवस..... 200 .....

हस्ताक्षर3 .....

सेवा में,
रजिस्ट्रार,
.....4स्थित
पौधा किस्म रजिस्ट्री,

1. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति का नाम भरें ।
2. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति का पता ।
3. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति अथवा उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।
4. पौधा किस्म रजिस्ट्री के उपयुक्त कार्यालय के स्थान का नाम उल्लेखित करें ।
5. जो लागू न हो, काट दें ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. 19

(नियम 57 देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

पौधा किस्म के रजिस्टर में प्रविष्टि करने, निकालने या फेरफार करने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन ।

..... फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में, जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या ..... है, और ..... के नाम में रजिस्ट्रीकृत है, ...1के द्वारा, जो ऊपर उल्लिखित रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म का रजिस्ट्रीकृत प्रजनक अथवा रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी या कोई अन्य व्यक्ति5 है, आवेदन किया जाता है कि निम्नलिखित में से किसी भी आधार पर और संलग्न विवरण में पूर्णतया कथित परिस्थितियों में पौधा किस्म के रजिस्टर में प्रविष्टि करने, निकालने या फेरफार करने के लिए आवेदन किया जाता है ।

1. किसी प्रविष्टि के रजिस्टर से अनुपस्थिति अथवा लोप ।

2. पर्याप्त कारकों से रजिस्टर में की गई प्रविष्टि ।

3. रजिस्टर में प्रविष्टि गलती से रह जाना ।

इस आवेदन से संबंधित सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते2 पर किया जाए ।

तारीख ..... 200 .....

हस्ताक्षर3 .....

सेवा में,

रजिस्ट्रार,

.....4स्थित

पौधा किस्म रजिस्ट्री,

1. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति का नाम भरें ।
2. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति का पता ।
3. यह आवेदन करने वाले व्यक्ति या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर ।
4. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताए ।
5. जो आवश्यक न हो, काट दें ।

प्ररूप - पी.वी. - 20

[नियम 59 (2) देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

रजिस्ट्रार द्वारा पौधा किस्म के रजिस्टर में प्रवृष्टि के रद्दकरण या रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र में परिवर्तन या प्रवृष्टि करने, निकालने, हटाने या फेरफार करने के लिए विरोध की सूचना

..... फसल के रजिस्ट्रेशन सं०..... वाली पौधा किस्म के रजिस्ट्रार द्वारा ..... के लिए[1] तारीख ..... को प्राप्त सूचना के मामले में

मैं/हम[2] ..... का विरोध करने के अपने आशय की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

विरोध के तथ्य और आधार दर्शाने वाले लिखित विवरण निम्नवत[3] हैं:-

इन कार्यवाहियों के संबंध में सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते पर किया जाए .....[4]

तारीख .....वर्ष 20 .....

हस्ताक्षर[5].....

सेवा में,

रजिस्ट्रार, पौधा किस्म,
पौधा किस्म रजिस्ट्री का कार्यालय,
[6].....

1. पौधा किस्म के रजिस्टर में प्रविष्टि के रद्दकरण या रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में परिवर्तन या प्रविष्टि करने, निकालने या फेरफार के लिए रजिस्ट्रार का आशय ।
2. विरोध की यह सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम ।
3. प्रतिपक्षी के हित के स्वरूप, तथ्य जिस पर उसका मामला आधारित है और विश्वास और राहत जो वह चाहता है, के स्वरूप को निर्दिष्ट करने वाला लिखित विवरण । प्रतिपक्षी विरोध की इस सूचना के उपाबंध के रूप में ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करे जिस पर वह विश्वास करता है ।
4. प्रतिपक्षी का पता
5. सूचना देने वाले व्यक्ति या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर
6. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के नाम और स्थान बताएं ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. - 21
[नियम 60 देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

रजिस्ट्रीकृत संवर्धक द्वारा रजिस्टर में शुद्धि करने के लिए आवेदन

मेरे नाम अर्थात्[1] ..... में रजिस्ट्रीकृत रजिस्ट्रीकरण सं० ..... वाली ..... फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में निम्नलिखित में से किसी एक आधार पर पौधा किस्म के रजिस्टर में शुद्धि करने के लिए मैं आवेदन करता हूँ:-

1. ऐसे प्रजनक के नाम, पता और विवरण या ऐसी किस्म से संबंधित किसी प्रविष्टि में किसी त्रुटि को शुद्ध करना
2. ऐसे प्रजनक के नाम, पता और वर्णन में किसी परिवर्तन को रजिस्टर में प्रविष्ट करना ।
3. किस्म के रजिस्टर में उस प्रविष्टि को रद्द करे जिसके संबंध में ऐसा आवेदन किया गया है, और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में इसके परिणामस्वरूप संशोधन या परिवर्तन करना और उस प्रयोजन के लिए उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है ।

इस आवेदन पत्र से संबंधित सभी पत्र - व्यवहार निम्नलिखित पते पर किया जाए.....[2]

तारीख .....वर्ष ....[3]

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
पौधा किस्म रजिस्ट्री

स्थान [4].....

1. इस आवेदन करने वाले व्यक्ति का नाम भरें (रजिस्ट्रीकृत प्रजनक) ।
2. इस आवेदन करने वाले व्यक्ति का पता (रजिस्ट्रीकृत प्रजनक)
3. रजिस्ट्रीकृत संवर्धक या उसके अभिकर्ता के हस्ताक्षर
4. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताए ।

प्रारूप - पी.वी. - 22

[नियम 62 देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता या रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी द्वारा रजिस्टर को शुद्ध करने के लिए आवेदन

.....[1] के नाम में रजिस्ट्रीकृत रजिस्ट्रीकरण संख्या ..... वाली .....फसल की ..... पौधा किस्म के मामले में निम्नलिखित में से किसी एक आधार और उन स्थितियों में जिनका साथ के विवरण में पूर्ण उल्लेख किया गया है, शुद्धि करने के लिए उपर्युक्त रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी/रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता[2] होने के नाते ..... द्वारा आवेदन किया जाता है ।

1. किसी त्रुटि को शुद्ध करना
2. रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता के नाम, पता या वर्णन में किसी परिवर्तन की प्रविष्टि करना
3. रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी के नाम, पता या वर्णन में किसी परिवर्तन की प्रविष्टि करना ।

इस आवेदन पत्र से संबंधित सभी पत्र-व्यवहार निम्नलिखित पते पर किया जाए [3].....

तारीख .....वर्ष ..... हस्ताक्षर[4].....

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
पौधा किस्म रजिस्ट्री

स्थान[5].....

1. इस आवेदन करने वाले व्यक्ति का नाम भरें ।
2. आवेदन करने के कारण अर्थात किसी त्रुटि को शुद्ध करना या आवेदक के नाम, पता या वर्णन में परिवर्तन की प्रविष्टि करना ।
3. आवेदन करने वाले व्यक्ति का पता ।
4. आवेदक का हस्ताक्षर
5. पौधा किस्म रजिस्ट्री के समुचित कार्यालय के स्थान का नाम बताएं ।
6. जो लागू न हों, उसे काट दें ।

IndiaCode

प्ररूप - पी.वी. - 23

[नियम 62 देखें]

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

अभिधान में परिवर्तन

मैं/हम .....
.....
..... को प्रकाशित, रजिस्ट्रीकरण संख्या .....वाली ..... फसल की रजिस्ट्रीकृत किस्म ..... के अभिधान में जोड़ने/हटाने/परिवर्तन करने के लिए अनुरोध करता हूँ/करते हैं ।

वर्तमान अभिधान ..... है । अभिधान में जब परिवर्तन किया जाएगा तो वह ... .रूप में होगा ।

उससे संबंधित सभी सूचनाएं अध्यपेक्षाएं और पत्र व्यवहार निम्नलिखित पते पर किया जाए:

तारीख.....वर्ष .....

हस्ताक्षर[2].....

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
पौधा किस्म रजिस्ट्री

स्थान .....

जो लागू न हो उसे काट दें

1. संवर्धक/उसके विधिक प्रतिनिधि/समनुदेशिकी के नाम (पूरा नाम), पता (पते) और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

2. इस आवेदन को करने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के हस्ताक्षर और नाम, आधिपदीय मुहर, यदि कोई हो, सहित ।

IndiaCode

(नियम 65 (1) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

अभिधान में परिवर्तन के विरोध की सूचना

मैं/हम ---------- निम्नलिखित कारणों से ---------- को प्रकाशित रजिस्ट्रीकरण सं०[2] ----------वाली ---------- फसल की रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के अभिधान में प्रस्तावित परिवर्तन के विरोध की सूचना देता हूँ/देते हैं:-

1.
2.

मैं/हम अपने कथन को सिद्ध करने के लिए निम्नलिखित साक्ष्य प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं ।

तारीख ---------- 200 ----------

हस्ताक्षर----------

सेवा में
रजिस्ट्रार,
पौधा किस्म रजिस्ट्री,
स्थान

---

1. विरोध की सूचना देने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) का नाम, पता और राष्ट्रीयता
2. यथा विज्ञापित रजिस्ट्रीकरण संख्या
3. विरोध की सूचना देने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) का नाम, अधिपदीय मुहर, यदि कोई हो, सहित

IndiaCode

प्ररूप - पी वी - 25
(नियम 66 (2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

प्रतिकर के लिए आवेदन

मैं/हम----------
---------- अनुरोध करता हूँ/करते हैं कि मुझे/हमें दी गई दशाओं के अधीन अनुबद्ध प्रत्याशा के अनुसार कार्य निष्पादन के लिए प्रचार सामग्री की अफलता के लिए रजिस्ट्रीकरण सं० ---------- और अभिधान वाली ---------- फसल की ---------- पौधा किस्म के संबंध में प्रतिकर दिया जाए ।

प्रतिकर के लिए अपनी हकदारी के समर्थन में मैं/हम निम्नलिखित साक्ष्य (साक्ष्यों)[1] को प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं ।

1.
2.

तामीली के लिए मेरा/हमारा पता:-

तारीख---------- ---------- वर्ष 20

हस्ताक्षर[3]----------

सेवा में

प्राधिकारी,
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण
---

1. प्रतिकर के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों का नाम (पूरा नाम), पता और राष्ट्रीयता का उल्लेख करें ।

2. यह दर्शाते हुए कि दावा किस प्रकार सिद्ध होता है, साक्ष्यों की विशिष्टियां विनिर्दिष्ट करें ।

3. नाम और पदीय मुहर, यदि कोई हो, सहित आवेदक (आवेदकों) द्वारा हस्ताक्षर किया जाए ।

IndiaCode

प्रारूप - पी वी - 26
(नियम 67 (2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

प्रतिकर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना

मैं/हम ----------

तारीख ---------- के रजिस्ट्रीकरण सं० ----------वाली---------- फसल की ---------- रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के संबंध में ----------[2] द्वारा/की ओर से किए गए प्रतिकर के आवेदन के विरोध की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

जिस आधार पर प्रतिकर के लिए उक्त आवेदन का विरोध किया गया है, वे निम्नवत हैं:-

1.
2.
3.

मेरे/हमारे विरोध के समर्थन में मैं/हम निम्नलिखित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करता हूँ/करते हैं:

1.
2.
3.

भारत में मेरा/हमारा तामीली का पता

तारीख ---------- वर्ष 20 ----------

हस्ताक्षर[3]---------

IndiaCode

सेवा में

प्राधिकारी
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण
---

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम), पता तथा राष्ट्रीयता का उल्लेख करें
2. व्यक्ति (यों) का/के नाम जिन्होंने प्रतिकर के लिए आवेदन किया है
3. आवेदक/आवेदकों द्वारा हस्ताक्षर किया जाए

जो लागू न हो उसे काट दें

प्ररूप - पी वी - 27
(नियम 68 (2) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

प्रतिकर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना

मैं/हम---------- रजिस्ट्रीकरण स०----------तारीख ---------- वाली फसल की ---------- रजिस्ट्रीकृत पौधा किस्म के संबंध में ---------- द्वारा किए गए/की ओर से किए गए प्रतिकर के लिए आवेदन के विरोध की सूचना देता हूँ/देते हैं ।

आधार, जिस पर प्रतिकर के लिए उक्त आवेदन का विरोध किया गया है वे निम्नवत हैं:-

1.
2.
3.

मेरे/हमारे विरोध के समर्थन में मैं/हम निम्नलिखित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करता हूँ/करते हैं:

1.
2.
3.

मेरा/हमारा भारत में तामीली का पता:

तारीख ----------वर्ष 200

हस्ताक्षर----------

सेवा में,
प्राधिकारी
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण

जो लागू न हो उसे काट दें

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम), पता तथा राष्ट्रीयता का उल्लेख करें
2. व्यक्ति (यों) का/के नाम जिसने प्रतिकर के लिए आवेदन किया है
3. आवेदक (कों) द्वारा हस्ताक्षर किया जाए

प्ररूप - पी वी - 28
(नियम 71 (1) देखें)

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001

अनिवार्य अनुज्ञप्ति की मंजूरी

मैं/हम----------
निम्नलिखित आधारों पर ----------को प्रकाशित रजिस्ट्रीकरण सं० ---------- वाली ---------- फसल की ---------- पौधा किस्म के लिए अनिवार्य अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन करता हूँ/करते हैं, अर्थात:-

1. किस्म के बीजों या अन्य प्रचार सामग्री के लिए जनता की उचित अपेक्षाएं पूरी नहीं की गई हैं ।
2. किस्म के बीज या प्रचार सामग्री जनता को उचित कीमत पर उपलब्ध नहीं हैं ।

मेरे/हमारे हित तथा ऊपर कथित तथ्यों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य और उनकी प्रतियां संलग्न हैं :-

1. .....
2. .....
3. .....

